


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



इन 5 ओवरनाइट फेस मास्क को घर ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 07 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 48 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## पीएम मोदी एशिया की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर फैक्ट्री का किया उद्घाटन



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुमकुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेडकी हेलीकॉप्टर फैक्ट्री राष्ट्र को समर्पित की और विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आध्यात्म, ज्ञान–विज्ञान की महान भारतीय परंपरा को कर्नाटक ने सशक्त किया है। इसमें भी तुमकुरु का विशेष स्थान है। सिद्धगंगा मठ की इसमें बहुत बड़ी भूमिका है। संतों के आशीर्वाद से आज कर्नाटक के युवाओं को रोजगार देने वाले, ग्रामीणों और महिलाओं को सुविधा देने वाले, देश की सेना और मेड इन इंडिया को ताकत देने वाले, सैकड़ों करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। 2014 से पहले के 15 सालों में जितना निवेश एयरोस्पेस सेक्टर में हुआ उसका 5 गुना पिछले 8–9 वर्षों में हो चुका है। आज हम अपनी सेना को मेड इन इंडिया हथियार तो दे ही रहे हैं बल्कि हमारा डिफेंस एक्सपोर्ट 2014 की तुलना में कई गुना ज्यादा हो गया। पीएम मोदी ने कहा कि यही एचएएल है जिसे बहाना बनाकर हमारी सरकार पर तरह तरह के झूठे आरोप लगाए गए...आज एचएएल की ये हेलीकॉप्टर फैक्ट्री, एचएएल की बढ़ती ताकत बहुत से पुराने झूठों और झूठे आरोप लगाने वालों का पर्दाफाश कर रही है। ये सर्वप्रिय बजट है। सर्वहितकारी बजट है। सर्वसमावेशी बजट है। सर्व–स्पर्शी बजट है। ये भारत के युवा को रोजगार के नए अवसर देने वाला बजट है। ये भारत की नारीशक्ति की भागीदारी बढ़ाने वाला बजट है। डबल इंजन सरकार भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में देश में नल के पानी का कवरेज 3 करोड़ से बढ़कर 11 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक पहुंच गया है। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में इस वर्ष का बजट अहम भूमिका निभाएगा। गांव में रहने वाले लोग, युवा, महिलाएं, दलित और आदिवासी, ये बजट सबके लिए है। यह बजट आपकी जरूरतों, सरकार से मिलने वाली सहायता और लोगों की आमदनी का संतुलित मेल है। हमने समाज के हर तबके को सरकारी सहायता भी सुनिश्चित की है जो पहले इससे वंचित था।

## जासूसी गुब्बारा गिराने पर बोला चीन– राई का पहाड़ बनाना चाहता है अमेरिका

नई दिल्ली। अमेरिकी आसमान में चीनी गुब्बारा उड़ने की घटना ने पहले से ही तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे चीन–अमेरिका संबंधों में तल्खी और बढ़ा दी है। अमेरिका ने अपने हवाई क्षेत्र में कुछ दिनों से मंडरा रहे चीन के जासूसी गुब्बारे को मार गिराया है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के निर्देश पर वायुसेना के एफ–22 लड़ाकू विमान ने एक मिसाइल से गुब्बारे को निशाना बनाया है। अमेरिकी आसमान में चीनी गुब्बारा दिखने के बाद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को अपनी बीजिंग यात्रा स्थगित कर दी थी। अब जासूसी गुब्बारा गिराए जाने को लेकर चीन की तरफ से प्रतिक्रिया सामने आई है। चीन ने कहा कि अमेरिका इसे राई का पहाड़ बना रहा है। अमेरिका राई का पहाड़ बनाना चाहता है : चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को कहा कि लैटिन अमेरिका में देखा गया गुब्बारा चीन का है और नागरिक उद्देश्यों के लिए है। माओ ने एक नियमित समाचार ब्रीफिंग में बताया कि गुब्बारे की आत्म–संचालन क्षमता सीमित है। चीन ने कहा कि अमेरिका राई का पहाड़ बनाना चाहता है। जबकि इससे पहले कोलंबिया की वायु सेना ने शनिवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि शुक्रवार सुबह उसकी वायु रक्षा प्रणाली में एक संभावित गुब्बारे का पता चला था।



### अमेरिका ने मार गिराया गुब्बारा

साउथ कैरलाइना के तट से 9.65 किलोमीटर दूर अटलांटिक महासागर में गिराया गया। अमेरिकी सेना अव मलवे से श्जासूसीश उपकरणों को बरामद करने में जुटी है। वहीं, चीन ने इस पर अमेरिका को गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी है। मंत्रालय ने कहा कि गुब्बारे को तबाह करके अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन किया है। अमेरिका न भूले कि हमारे पास भी कार्रवाई का अधिकार है। हम एक्शन ले सकते हैं।

## तुर्की, सीरिया में भूकंप से 640 की मौत

### चारों तरफ बिछीं सैकड़ों लाशें, हजारों इमारतें जमींदोज



नई दिल्ली। सीरियाई सीमा के करीब दक्षिणी तुर्की में 7.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद तुर्की और सीरिया में कम से कम 640 लोग मारे गए और कई इमारतें गिर गईं। अधिकारियों ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। तुकी के राज्य मीडिया ने बताया कि 284 लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी जबकि लगभग 2,323 अन्य घायल हुए थे। मालट्या प्रांत में कम से कम 130 इमारतें ढह गईं, जबकि दियारबकीर में 16 इमारतें ढह गईं। मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है। भूकंप के झटके तुर्की की राजधानी अंकारा में भी महसूस किए गए, जो भूकंप के केंद्र से 460 किमी उत्तर–पश्चिम में है। भूकंप के मद्देनजर, तुर्की के अधिकारियों ने ष्स्तर 4 अलार्मष घोषित किया है जो अंतर्राष्ट्रीय सहायता की मांग करता है। अधिकारियों ने कहा कि उत्तरी सीरिया में कम से कम 237 लोग मारे गए और 600 से अधिक घायल हुए। अलेप्पो में कई इमारतें जमींदोज हो गईं। झटके इतने तेज थे कि उन्हें लेबनान और साइप्रस तक महसूस किया गया। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने ट्विटर पर कहा कि भूकंप से प्रभावित क्षेत्रों में ष्खोज और बचाव दलों को तुरंत भेजा गया। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी संवेदना व्यक्त की और तुर्की को हर संभव सहायता की पेशकश की। ष्तुर्की में भूकंप के कारण जान–माल के नुकसान से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत तुर्की के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और इस त्रासदी से निपटने के लिए हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।

## सुरक्षाकर्मियों के बलिदान ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखा : गुलाम नबी आजाद



जम्मू। डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने रविवार को कहा कि सेना और अन्य अर्धसैनिक बलों के जवानों के बलिदान ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखा है। आजाद ने कहा कि देश की पूरी आबादी सुरक्षाबलों के जवानों द्वारा प्रदान की गई अथक सुरक्षा के कारण ही रात में चौन की नींद सो पाती है। उन्होंने कहा कि इन जवानों ने इसके लिए कभी–कभी अपने जीवन का बलिदान भी दिया है। उन्होंने सांबा में ''विष्णु महायज्ञ'' भाग लेने के दौरान कहा, ''हमें आज अपने देश पर गर्व है क्योंकि यह न केवल आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित हुआ है बल्कि 1947 से दुश्मनों के खिलाफ लड़े गए लगभग सभी युद्धों में जीत हासिल की है। यह हमें भारत के नागरिकों के रूप में महान और गौरवान्वित महसूस कराता है।

## बीजेपी के तीन और नेताओं को मिली वाई+ सुरक्षा

नई दिल्ली । गृह मंत्रालय ने भाजपा के 3 और नेताओं को वीआईपी सुरक्षा देने का फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि नेताओं को वाई कैटेगरी की सुरक्षा के साथ सीआईएसएफ के कंमाडों भी साथ रहेंगे। केंद्र सरकार ने नलिन कोहली, ऋतुराज सिन्हा और अभय गिरी को सुरक्षा प्रदान की है। इन तीनों नेताओं के साथ अब भारी सुरक्षाबलों का काफिला रहेगा। जानकारी के अनुसार नगालैंड चुनाव के चलते ये फैसला लिया गया है। नलिन कोहली भाजपा नगालैंड की स्टेट इंचार्ज है।

## पीएम मोदी ने कहा तुर्किये के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है भारत

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तुर्किये में आए भूकंप में लोगों की मौत पर सोमवार को शोक व्यक्त किया और कहा कि भारत इस त्रासदी से निपटने में मदद के लिए हरसंभव सहायता देने को तैयार है। दक्षिणपूर्वी तुर्किये और सीरिया में सोमवार को तड़के 7.8 तीव्रता के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे कई इमारतें ढह गईं। भूकंप संबंधी घटनाओं में कम से कम 195 लोगों की मौत की खबर है और सैकड़ों घायल हो गए हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। मोदी ने ट्वीट किया, ''तुर्किये में भूकंप के कारण हुए जान–माल के नुकसान से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'' प्रधानमंत्री ने भूकंप पर तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के एक ट्वीट को टैग करते हुए कहा, ''भारत तुर्किये के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और इस त्रासदी से निपटने के लिए हरसंभव सहायता देने को तैयार है।'' विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी भूकंप में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने ट्वीट किया, ''तुर्किये में भूकंप के कारण हुए जानमाल के नुकसान से बहुत व्यथित हूं। इस कठिन समय में अपनी संवेदना और समर्थन से तुर्किये के विदेश मंत्री को अवगत कराया।

## अडानी– हिंडनबर्ग मामले में कांग्रेस का हल्ला बोल

### देशभर में एसबीआइ–एलआईसी दफ्तरों के बाहर किया प्रदर्शन



नई दिल्ली। अडानी समूह की कंपनियों के स्टॉक रूट की जांच की मांग को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को संसद से लेकर सड़कों तक विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। पार्टी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कार्यालयों और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखाओं के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। एनएसयूआई–यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए एसबीआई मुख्यालय के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

जम्मू–कश्मीर में कांग्रेस कार्यकर्ता बेरिकेड्स तोड़ते और पुलिस अधिकारियों से धक्का–मुक्की करते नजर आए। पार्टी अडानी समूह के खिलाफ यूएस शॉर्ट–सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों की संयुक्त संसद समिति (जेपीसी) या सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाली जांच की मांग कर रही है। तेलंगाना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसबीआई कार्यालय तक मार्च किया। मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में इसी तरह के विरोध प्रदर्शन किए गए। इस बीच, कांग्रेस सांसदों ने संसद भवन में गांधी प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी नेताओं के हंगामे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसदों ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संसद में चर्चा नहीं होने दे रही है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पार्टी संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बारे में बोलने के लिए तैयार है लेकिन अडानी मुद्दे पर पीएम मोदी का जवाब पहली प्राथमिकता है। सरकार चाहती है कि यह मामला न उठाया जाए, चर्चा न की जाए। वे किसी तरह इससे बचना चाहते हैं और इसे रिकॉर्ड में नहीं लाना चाहते हैं।

## जम्मू में अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पत्थरबाजी के संबंध में पांच लोग गिरफ्तार



जम्मू। जम्मू में पिछले सप्ताह अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पत्थरबाजी के संबंध में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और चार अन्य को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को नरवाल बाईपास इलाके में मलिक मार्केट में अतिक्रमित भूखंड पर निर्मित वाहन शोरूम को ढहाए जाने की मुहिम के दौरान हुई पत्थरबाजी में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार लोगों में शोरूम का मालिक सज्जाद अहमद बेग शामिल है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया, ''यहां अतिक्रमण रोधी मुहिम के दौरान हुए पथराव के संबंध में हमने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और चार अन्य को हिरासत में लिया है।'' अधिकारियों ने कहा कि इन सभी से त्रिकुटा नगर थाने में पूछताछ की जा रही है।






## बाल विवाह के खिलाफ मुहिम जारी, कुल 2,441 लोग गिरफ्तार



गुवाहाटी। विपक्ष की आलोचना और प्रदर्शन के बीच असम पुलिस ने राज्य में बाल विवाह के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखी, और तीन दिन में कुल 2,441 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा था कि अगले विधानसभा चुनाव तक इस सामाजिक कुरीति के खिलाफ मुहिम जारी रहेगी, जिस पर विपक्षी खेमे ने विरोध जताया और इस मुहिम को ''जल्दबाजी में चलाया गया प्रचार का हथकंडा'' बताया। अधिकारियों ने कहा कि ये गिरफ्तारियां समूचे राज्य में दर्ज 4,074 प्राथमिकियों के आधार पर की गई हैं। पुलिस ने एक बयान में कहा कि कम से कम 139 लोगों को विश्वनाथ जिले में पकड़ा गया। इसके बाद बारपेटा में 130 और धुबरी में 126 लोगों को पकड़ा गया।

बयान के अनुसार अन्य जिले जहां 100 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं वे हैं बक्सा और बोंगईगांव एवं होजई। बस में 123 लोगों को, बोंगईगांव में 117 लोगों को और होजई में भी 117 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। धुबरी में सबसे अधिक प्राथमिकी दर्ज की गई है और यहां बाल विवाह के 374 मामले दर्ज हैं। इसके बाद होजई (255) और मोरीगांव (224) में मामले दर्ज किए गए हैं। इस मुहिम के खिलाफ बराक घाटी में कई जगहों पर प्रदर्शन किया गया। ऑल इंडिया मजलिए–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस मुहिम के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि असम सरकार अगर वाकई में बाल विवाह की समस्या को खत्म करना चाहती है तो उसे साक्षरता का स्तर बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, ''विशेषज्ञों ने कहा है कि अगर आप बाल विवाह को खत्म करना चाहते हैं तो आपको बहुत सारे स्कूल खोलने होंगे, (लेकिन) आपने ऐसा नहीं किया। आपने उन मदरसों को बंद करा दिया है जो किसी न किसी रूप में शिक्षा प्रदान कर रहे थे।'' ओवैसी ने जानना चाहा कि घर के पुरूषों की गिरफ्तारी के बाद, अधर में लटकी महिलाओं की ऐसी परिस्थिति के लिए कौन जिम्मेदार होगा। कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने कहा कि ऐसे मुद्दों से निपटने में मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''हम बाल विवाह का विरोध करते हैं। लेकिन जमे जमाए परिवार जिनके बच्चे बड़े हो रहे हैं, उन्हें तोड़ने का क्या फायदा होगा? यह प्रचार के हथकंडे से ज्यादा कुछ नहीं है।

# मानव श्रृंखला के सफल आयोजन के लिए सम्मानित हुए डीएम एसपी व अन्य अधिकारी

बहराइच। शासन के निर्देश पर जनपद में 05 जनवरी से 04 फरवरी 2023 तक मनाये गये ''सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के उपलक्ष्य में 23 जनवरी 2023 को मानव श्रृंखला के दौरान जनपद की कुल जनसंख्या के सापेक्ष मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों की संख्या के प्रतिशत के आधार पर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह, लोक निर्माण विभाग परिसर, लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश के मंत्री लोक निर्माण विभाग जितिन प्रसाद व परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह द्वारा जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, डीआईओएस जय प्रकाश सिंह, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी व एआरटीओ (प्रवर्तन) राजीव कुमार को प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी को स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाई गई मानव श्रृंखला में किसान पी.जी. कॉलेज, पॉयनियर माण्टेसरी स्कूल एवं जयपुरिया स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया था। इसके अलावा महिला पीजी कॉलेज, सर्वोदय डिग्री कॉलेज, लॉर्ड बुद्धा डिग्री कॉलेज रूपईडीहा, परमहर्ष डिग्री कॉलेज कैसरगंज, महाराज सिंह इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, संतपथिक इण्टर कॉलेज, सेवेन्थ–डे इण्टर कॉलेज सहित जिले के अन्य विद्यालयो में भी मानव श्रृंखला का आयोजन कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गई थी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव परिवहन वेकटेंश्वर लू, परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह, प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष पी.डब्ल्यू.डी. संदीप कुमार, प्रमुख अभियन्ता पी.डब्ल्यू.डी. वी.के. श्रीवास्तव, अपर परिवहन आयुक्त वी.के. सोनकिया, नरेन्द्र सिंह अपर परिवहन आयुक्त निर्मल प्रसाद, पुष्पसेन सत्यार्थी सहित अन्य विभागाधिकारी उपस्थित थे।

# धर्मस्थलों के समीप प्रशासन खुलेआम संचालित करवा रही है मांसाहारी दुकानें:अर्जुन पण्डित

## धड़ल्ले से मंदिर के सामने बेचा जा रहा है मीट से बने व्यंजन

बहराइच।धर्म आस्था का विषय है, इसलिए कोर्ट ने इसका संज्ञान लेते हुए धार्मिक स्थलों के 200 मीटर के दायरे में मांसाहारी दुकान चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बावजूद इस आदेश का जिला मुख्यालय बहराइच में अभी तक पालन नहीं हो पाया है। कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज्धजियां उड़ाते हुए लोग मंदिर के सामने ही चिकन मीट बिरयानी की दुकान चला रहे हैं। वहीं, चौकाने वाली बात ये है कि इसके लिए अभी तक न तो कोई अभियान चलाया गया और न ही इसमें किसी प्रकार की कोई रोक लगाई गई। रोडवेज बस स्टैंड समीप स्थित भोलेनाथ का मंदिर है। मंदिर के सामने ही मांसाहारी चिकन बिरयानी की दुकान खुली है। इससे श्रद्धालुओं को खासी परेशानी होती है। लोगों ने कई बार इसकी शिकायत जिला प्रशासन से भी की, लेकिन आज तध्क कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। शिवसेना जिला प्रमुख अर्जुन पण्डित ने इस सम्बंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित जिला प्रशासन को एक शिकायत पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि मंदिर में हमारे अराध्य देवताओं के सामने मांसाहारी की दुकाने होना धार्मिक कार्यों में बाधा डालने के समान है। लेकिन जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने बिना किसी मानक व जाँच के फूड्स सेफ्टी का लाइसेंस जारी कर रखा है। वहीं स्थानीय पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुये उन्होंने कहा कि शहर व देहात कोतवाली की पुलिस 10 हजार रुपये की माहवारी लेकर इन दुकानों को संचालित करवा रही है। बताते चलें कि हॉस्पिटल चौराहा व रोड़वेज स्टैंड के समीप भोलेनाथ मंदिर के सामने, तिकोनी बाग तिराहे के पास के.जी.एन. व बॉम्बे बिरयानी की दुकानों पर खुलेआम बकरा व मुर्गा से बने व्यंजन बेचे जाते हैं। आदेश के बाद भी उसे न तो हटाया गया न ही हटाने का प्रयास हो रहा है। जबकि हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में निर्देश दिए हैं कि यदि धार्मिक स्थलों के 200 मीटर के आसपास सड़कों के किनारे मांसाहारी दुकानें संचालित होती है तो उन दुकानों को चिंहित कर तत्काल हटवाया जाए। उन्होंने कहा यदि शीघ्र इन अवैध संचालित मांसाहारी दुकानों को प्रशासन बन्द नही कराता है तो शिवसैनिक इन अवैध संचालित मांसाहारी दुकानों को बन्द कराने के लिये सड़कों पर उतरेगी जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# भाजपा सरकार अपने कार्यों के बल पर ही सत्ता में दोबारा आई है:नितिन अग्रवाल

## ट्विटर पर जवाब न देने के सवाल पर सख्त हुए मंत्री






दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश सरकार जहां एक तरफ अपनी योजनाओं कार्यक्रमों को लेकर बढ़–चढ़कर ढिंढोरा पीट रही है तो वही दूसरी तरफ विपक्षी दल खासकर समाजवादी पार्टी इसमें किसी प्रकार से कोई मौका नहीं गंवाना चाहती है जिसके कर्म में भाजपा के मंत्रियों को सरकार की योजनाओं के आड़ में पार्टी के पार्टी संगठन व मुद्दों पर कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है जिस के क्रम में लगातार मंत्रियों के दौरे लग रहे हैं इसी क्रम में ही दो दिवसीय दौरे पर आए आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल जहां एक तरफ सरकार के उपलब्धियों के बारे में चर्चा की तो वही सरकार द्वारा चलाई ज रही कार्यक्रमों को लेकर योजनाओं की समीक्षा करने की बात कही उन्होंने कहा का भारतीय जनता पार्टी की सरकार सभी योजनाओं को सभी जन सामान्य तक पहुंचाने का काम कर रही है इसमें कौन किस जाति धर्म का है यह नहीं देखा जा रहा है यही कारण है की प्रदेश में भाजपा सरकार दोबारा सत्ता में आई है एक सवाल के जवाब में प्रध ाानमंत्री आवास योजना में कुछ लोगों द्वारा पैसा लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा समीक्षा बैठक में होगी इसी तरह जिले के उच्चाधिकारियों खासकर जिला अधिकारी द्वारा जन समस्याओं पर ट्यूट किए गए मामलों में जवाब न देने के बात पर भी उन्होंने इसे समीक्षा बैठक में उठाने का आश्वासन दिया।

# सरकार की योजनाएं गरीबों, मजदूरों व किसानों के प्रति समर्पित:पद्मसेन चौधरी

## -भाजपा महानगर कार्यसमिति की हुई बैठक

अयोध्या। भाजपा महानगर कार्यसमिति की बैठक सिविल लाईन स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। तीन सत्रों में बैठक का समापन हुआ। जिसमें राजनैतिक प्रस्ताव ंडा राकेश मणि त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया जिसका अनुमोदन महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा समर्थन अरविंद के द्वारा किया गया। बैठक का उद्घाटन दीप प्रज्जवलन के माध्यम से किया गया। जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की वजह से जनता में खुशी का माहौल है। सरकार की योजनाएं गरीबों, मजदूरों व किसानों को विकास के प्रति समर्पित है। राष्ट्रहित सर्वोपरि की परिकल्पना को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। पदाध्िाकारी व कार्यकर्ता सम्पर्क व संवाद की नीति के तहत लगातार जनता के बीच अपनी उपस्तिथि दर्ज करते रहे। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि विश्व की सर्वोत्तम नगरी अयोध्या को बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में है। श्रद्धालुओं की अपेक्षानुरुप रामनगरी का विकास किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि गांवो के बेहतर परिवाहन सुविधा के द्वारा मुख्यमार्गो से जोड़ा जा रहा है। परिवाहन सुविधा अच्छी होने से रोजगार सृजन होगा। जिसका लाभ ग्रामीणों व किसानों को मिलेगा। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। इसमें सबका विश्वास समाहित है। प्रस्तावना प्रस्ताव महानगर अध्यक्ष ने दिया। उन्होने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग का समर्थन भाजपा को प्राप्त है। द्वितीय सत्र में डाटा प्रबन्धन पर शैलेन्द्र कोरी, सहकारिता चुनाव पर उमाशंकर सिंह, सांसद खेल प्रतियोगिता पर रवि शर्मा, बूथ मैपिंग पर प्रतीक श्रीवास्तव, बजट पर चर्चा पर बृजेन्द्र जायसवाल ने अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, परमानंद मिश्रा, तिलकराम मौर्या, अभय सिंह, दिव्य प्रकाश तिवारी, रवि सोनकर, आलोक द्विवेदी, बालकृष्ण वैश्य, जितेन्द्र दूबे मिंटू प्रधान, डिम्पुल पाण्डेय, सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

# टीबी मरीजों के सच्चे मददगार बने प्रशिक्षित तेरह चौम्पियन

## जनपद में पिछले 6 माह में 960 टीबी मरीज हो चुके स्वस्थ

बहराइच। टीबी से पूरी तरह स्वस्थ हो चुके लोगों को चौम्पियन का दर्जा मिला तो जनपद के 2100 टीबी मरीजों के इलाज की राह आसान हो गयी। वर्ल्ड विजन इंडिया के सहयोग से प्रशिक्षित 13 चौम्पियन टीबी मरीजों के हमदर्द बनकर उन्हें दवाओं के नियमित सेवन की अहमियत समझा रहे हैं। उनके इसी प्रयास का नतीजा है कि बीते छह माह में 960 टीबी रोगी स्वस्थ हो चुके हैं।

यह कहना है जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संदीप मिश्रा का। उन्होंने बताया कुछ मरीज भ्रांतियों के चलते व कुछ मरीज आराम मिलने पर दवाओं का सेवन बंद कर देते हैं। इस वजह से टीबी और भी गंभीर हो जाती है। ऐसे में चौम्पियन टीबी मरीजों की शंकाओं का समाधान कर उन्हें नियमित दवाओं के सेवन की अहमियत समझा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रयास से छह माह में दवाओं का पूरा कोर्स लेने वाले 960 टीबी रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं अक्टूबर 2022 से अभी तक बीच में इलाज छोड़ चुके 16 मरीजों ने पुनः इलाज शुरू किया है। इलाज ले रहे टीबी मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में जांच व इलाज की सुविधा के साथ टीबी चौम्पियन के माध्यम से हमारी शंकाएं भी दूर हो जाती हैं और मनोबल बढ़ता है। जानकारी के अनुसार कैसरगंज निवासी 30 वर्षीय आनंद वर्मा तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। वह खेती किसानी करते हैं। आनंद बताते हैं कि बीते जून माह में शरीर में छोटी–छोटी गिल्टियां और फोड़े निकल आए थे। करीब डेढ़ माह टीबी की दवाएं लेने के बाद भी फोड़ों से मवाद बहना बंद नहीं हुआ द्य ऐसे में लगा कहीं यह कैंसर तो नहीं है। जीवन की आस खत्म सी होने लगी द्य इसी बीच टीबी चौंपियन अभिषेक वर्मा से मुलाकात हुई। उनके अनुसार टीबी सिर्फ फेफड़ों में ही नहीं बल्कि नाखून और बाल को छोड़कर शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। उन्होंने बताया बीच में दवाओं का सेवन बंद होने से वह भी गंभीर टीबी की चपेट में आ गए थे।वह इतने कमजोर हो गए थे कि शरीर में सिर्फ हड्डियाँ बची थीं । ऐसे में सीएचसी कैसरगंज के सीनियर ट्रीटमेंट ऑफिसर ने भरोसा दिलाया था कि दवाओं का पूरा कोर्स करने से मैं टीबी मुक्त हो जाऊंगा और दो साल नियमित दवाओं के सेवन से मैं टीबी मुक्त हो गया। आनंद का कहना है कि अभिषेक से मिलने के बाद शंकाओं का समाधान हुआ और जीने की आस भी बढ़ गयीस उनकी सलाह से नियमित दवाओं के सेवन के साथ नाश्ते में भीगे चने, मूंग व अंडा तथा पनीर का सेवन करता हूँ। डीएचईआईओ बृजेश सिंह का कहना है कि अभिषेक की तरह जिले के अन्य टीबी चौम्पियन फोन पर या व्यक्तिगत तौर पर अपना अनुभव साझाकर मरीजों की मदद में जुटे हैं और जहाँ जरूरत होती है वहां विभाग की भी मदद लेते हैं। वह मरीजों को बताते हैं कि जब वह टीबी ग्रसित थे तो उनके सामने भी ऐसी ही दिक्कत आई थी जो कि इलाज के साथ धीरे–ध ाीरे दूर हो गयी। सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि समाज में अभी भी लोग टीबी मरीज से दूरी बनाकर रहना चाहते हैं।इसकी वजह से टीबी मरीज अपनी समस्याएं किसी के साथ साझा नहीं करते । ऐसे में टीबी मरीजों की शंकाओं को दूर कर उन्हें मानसिक संबल प्रदान करने में टीबी चौम्पियन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की बैठक संपन्न

## विकास कार्यो में तेजी लाए अधिकारी,योजनाओं का लाभ पत्रों तक पहुंचाए-प्रभारी मंत्री

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। जनपद के प्रभारी मंत्रीध्राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की बैठक की गई। सबसे पहले प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद के उद्यमियों के साथ संवाद किया गया। उन्होंने पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम,मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा किया। उन्होंने उद्यमियों से कहा की वर्तमान सरकार द्वारा उद्यमियों को सुरक्षा एवं सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिक से अध्िाक युवा स्वरोजगार से जुड़े। जनपद के इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाने का निर्देश दिया। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने नगर निकायों में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, धन खरीद, बीज की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति, गड्ढामुक्ति, नई सड़कों का नवीनीकरण, सड़कों का विशेष मरम्मत, आयुष्मान भारत, दवा की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपलब्धता, स्वास्थ्य केंद्रों के सामूहिक विवाह



निर्माण की स्थिति, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, निर्माणाधीन गौआश्रय स्थल की स्थिति, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम ग्राम सड़क योजना, अमृत सरोवर, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम स्वानिधि योजना, स्थानीय पर्यटन विकास की संभावनाओं की तलाश, स्कूल चलो अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, जल जीवन मिशन, सामाजिक पेंशन के तहत दिब्यांग जन पेंशन, वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, योजना,सार्वजनिक वितरण प्राणाली,कन्या सुमंगला योजना, आईजीआरएस,राजस्व वसूली,अकांक्षात्मक सूचकांकों पर प्रगति की समीक्षा किया। प्रभारी मंत्री ने आयुष्मान भारत का लाभ पत्रों को दिलाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जनपद में चिकित्सकों की कमी को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक से एनएचएम से मध्यम से दूर करे। शतप्रतिशत गोवंश का इयर टैगिंग किए जाने, मोटे अनाज की खेती को कृषकों को प्रेरित किए जाने,निर्माण कार्यों में प्रगति लाते हुए शतप्रतिशत बजट का उपयोग किए जाने, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ज्यादा से ज्यादा महिलाओ का समूह बनाए जाने एवं अच्छा कार्य करने वाले समूहों को और प्रेरित किए जाने, पर्यटन विकास के लिए माननीय जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेकर शासन में भेजे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया की विकास कार्यों में तेजी लाए, सरकार की योजनाओं का लाभ पत्रों तक पहुंचाए। इस अवसर पर विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, डीएम डॉ महेंद्र कुमार,एसपी केशव कुमार, विध्ाायक गैसडी एसपी यादव, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, एडीएम न्यायिक डॉ ज्योति गौतम, अपर पुलिस अध्ाीक्षक नम्रता श्रीवास्तव व जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

मिल्कीपुर–अयोध्या। श्री शीतला प्रसाद उपाध्याय अवध पब्लिक स्कूल समदापुरम् में तृतीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक अवध राज उपाध्याय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद छात्र–छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एकांकी, देश भक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि, छात्र–छात्राएं अपने अध्ययन काल में कड़ी मेहनत करें। इसी से वह अपने आने वाले भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद प्रकाश उपाध्याय ने किया इस मौके पर कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी, कुमारगंज बाजार मालिक विजय उपाध्याय, तेजबली पांडे, विजय मिश्रा, शिव कुमार पांडे ,दिनेश कुमार तिवारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# आपसी सद्भाव और समृद्ध जीवन जीने की कला सिखाते है खेल

मिल्कीपुर अयोध्या। ग्रामीणांचल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन समाज को जोड़ने और प्रगतिशील बनाने का कार्य करता है, क्योंकि खेल हमें आपसी सद्भाव और समृद्ध जीवन जीने की कला सिखाते हैं" उक्त बातें अयोध्या जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ने क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर कही। गौरतलब है जिले के बहादुरगंज–खण्डासा में सात दिवसीय 'स्वर्गीय सुरेश मिश्रा स्मारक 'जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। श्री तिवारी ने आज पहले दिन इस टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता के कमेटी के अध्यक्ष नीरज मिश्रा ने बताया कि अब तक कुल 20 टीमों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है उद्घाटन अवसर पर क्रिकेट क्लब अकमा एवं क्रिकेट क्लब पूरा के बीच मैच की शुरुआत हुई। इस दौरान विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता मोहम्मद याकूब ने कहा की खेल एक खिलाड़ी को, जीवन के वैकल्पिक चरणों पर प्राप्त सफलता और असफलता से साझा करने की कला, सामूहिक रूप से किसी समस्या से निपटने, बैक अप लेने तथा महत्वपूर्ण परिस्थितियों में एक दूसरे की मदद करना सिखाता हैं। यह उनके नेतृत्व और टीम के साथ काम करने के गुणों को भी निखारता है। इस दौरान प्रमुख रूप से क्रिकेट प्रतियोगिता के संचालक अमरीश पांडे राकेश मिश्रा प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर शैलेंद्र पांडे तेजबली पांडे हेमंत पांडे पंकज मिश्रा सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।

# प्रशासन के मिलीभगत से चल रहे ओवर लोड ओवर हाईट वाहनों पर नहीं लग पा रहा अंकुश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। प्रदेश सरकार किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रत्यानसिल है इसके बावजूद भी मिल मालिक और ट्रांसपोर्टरों की स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत के कारण ट्रक ट्रलो व ओवर लोड





वाहनों द्वारा ओवर हाइट व ओवर लोडिंग का मामला थम नहीं रहा है बार–बार उक्त मामले को लेकर समाजसेवी संगठनों द्वारा भी जिला प्रशासन के सामने उठाया गया है इसके बाद भी जिले में लगातार ऐसी गाड़ियां चल रही हैं इसी दौरान कई छोटी बड़ी दुर्घटनाएं भी हुई है विगत दिनों ही जनपद मुख्यालय के मुख्य चौराहा वीर विनय के निकट एक स्कॉर्पियो पर ओवरलोड ट्रक के गिर जाने की घटना पुरानी नहीं हुई कि तुलसीपुर बलरामपुर मार्ग पर लौकहवा के निकट सुबह 9:30 बजे व 10 बजे के अंतराल में सड़क परिवहन निगम की बस जो बढ़ने से बलरामपुर अ रही थी की भिड़ंत में जहां गन्ने से लदी दो ट्राली या सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर पलट गई घटना में एक ट्रैक्टर चालक वासुदेव की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा दूसरे ट्रैक्टर चालक का कोई अता पता नहीं है बताया जाता है की दोनों ट्रैक्टर ट्रालियां जनपद श्रावस्ती से गन्ना लादकर तुलसीपुर चीनी मिल ज रही थी वही बस में सवारियां कम होने के कारण किसी गंभीर जान व माल का नुकसान नहीं हुआ है घटना के कुछ देर बाद ही स्थानीय थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर यातायात को संचारित कर बचाओ व राहत कार्य शुरू कर दिया।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में हुआ वृहद व्याख्यान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। ओरिएन्टेशन व्याख्यान हेतु नामित राजीव कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई विभिन्न नीतियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में वृहद पूंजी निवेश आकर्षित किये जाने की योजनाओं की जानकारी के लिए सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर में वृहद व्याख्यान का द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंडस्ट्री एक्सपर्ट एप्रिजल कमेटी एवं यूपी स्टेट एप्रिजल कमेटी के चेयरमैन मुख्य परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने कहा कि अभी तक इन्वेस्टर समिट सिर्फ प्रदेश और राजधानी मुख्यालयों पर हुआ करता था। लेकिन पहली बार हुआ है कि जिसके भागीदारों सब बन रहे हैं। अगर कोई भी इन्वेस्टमेंट हो रहा है तो इसका फायदा नौजवानो को हो रहा है। जैसा कि प्रधानमंत्री कहते है कि आपदा को अवसर में बदलिए। उसी तरह आप कही भी बैठकर अच्छी जानकारी नेट के माध्यम से ले सकते हैं। इसके लिए कही अब जाने की जरूरत नही है। पहले ऐसा नही था, लेकिन अब परिवर्तन बहुत तेजी से हो रहा है। वो दिन चले गए कि हम अब सरकारी नौकरी पर निर्भर रहे। अब हमको ऐसे बनना है कि हम और लोगो को रोजगार दे सकें। गुजरातियो ने हर कंट्री में बिजिनेस किया है, वो लोग नौकरी लेने वाले नही नौकरी देने वाले बने हैं। यहाँ के लोगो के पास सारी क्षमताएं है जरूरत है उन्हें क्षमताओं के प्रयोग करने की। पहले प्रोजेक्ट के क्लियरेंस में वर्षों लग जाते थे लेकिन अब एक माह के अन्दर ही क्लियरेंस हो जाता है। जितनी जल्दी इंड्रस्टी लगेगी उतने जल्दी वहां के युवाओ को रोजगार मिलेगा। अच्छी सड़के, अच्छी बिजली अच्छे जमीन के साथ यहां अच्छा ला एंड ऑर्डर भी है, जिससे कोई भी इन्वेस्टर बेहतर इन्वेस्ट कर सकता है। ऐसी क्लाइमेट बनाई गई है जिससे छोटे से लेकर बड़े लोग सभी इन्वेस्ट कर सके। विकास के दौड़ में उत्तर प्रदेश पिछड़ गया था लेकिन अब जब से एक्सप्रेस वे आया मेडिकल कालेज आया एव अन्य उपलब्धियों के साथ अब उत्तर प्रदेश तेजी से डेवलप हो रहा है। भारत पुनः जगत विश्व गुरु के पद पर पदस्थापित होने जा रहा है। इस अवसर पर कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु प्रोफेसर श्री हरि बहादुर श्रीवास्तव ने कहा कि सात वर्ष के इस विश्वविद्यालय में वो सारी सुविधाएं उपलब्ध है जो एक शिक्षण संस्थान में होनी चाहिए। अब हमारा देश डेवलपिंग कंट्री नही डेवलप कंट्री बनने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या पूरे देश का लगभग बीस प्रतिशत है। इस एक मिलियन डॉलर को सेट करने के लिये आप कैसे आत्मनिर्भर हो सकते हैं। आप कही से भी कनेक्ट हो सकते हैं। सरकार फाइनेंस स्पोर्ट, जमीन की स्पोर्ट दे रही है, अब आपको अपने दिमाग को यूज करना है कि हम क्या करें। यह टूरिज्म और बुद्धिज्म का सबसे बड़ा हब है। यहां रोजगार की तमाम संभावनाएं हैं। अगर आप के पास जमीन है, फिस फॉर्मिंग भी कर सकते हैं। जरूरत है एक्सप्लोर करने की और इन्वाल्व होने की। इंडिया तमाम सारे देशों का मेडिकल हब है। नौकरिया धीरे धीरे कम होती जा रही है लेकिन आप अपने आप को रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में इंक्यूवेशन सेंटर भी बना दिया गया है। यदि किसी देश की अर्थव्यवस्था मजबूत नही है तो वह देश श्री लंका और पाकिस्तान की तरह हो जाता है। अब इंडिया को 5 विलियन डॉलर लाना है तो खुद खड़ा होकर आगे आना होगा। जिससे आप छोटी छोटी इंडस्ट्री लगा सकते हैं जिससे सैकड़ो लोगो को रोजगार मिल सकता है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कैसे इस इन्वेस्टमेंट में अपने आपको खड़ा करें, इसलिए इस व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार कहा कि इस जनपद में 93 प्रतिशत लोग कृषि से जुड़े हुए हैं। ऐसे में हमारे जनपद की ओडीओपी प्रोडक्ट का भी बेहतर उत्पाद कराकर अच्छे इन्वेस्टर बन सकते हैं। हम विश्वविद्यालय से निकल कर रोजगार ढूढने के लिए न रहे, बल्कि एक बिजिनेस सेट अप करने का प्रयास करें। जिसके लिए सरकार आपको सहयोग करने के लिए खड़ी है, आप ज्यादा से ज्यादा सीखे और अपने इंट्रेस्ट की चीजें सीखे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव सम्बोधन का भी प्रसारण कराया गया। इस अवसर पर इन्वेस्टर समिट के नोडल अधिकारी प्रोफेसर सौरभ ने कहा कि हम सब मिलकर युवाओं को लेकर एक अच्छे भारत के निर्माण में सहयोग करें। आज हमारे सामने रोजगार के तमाम अवसर खड़े हैं, हमे इनका उचित अवसर लेकर अपने साथ अपने साथियों का विकास कर सकते हैं, विश्वविद्यालय हमेशा आस पास के क्षेत्रों के विकास को लेकर तत्पर है। इस कार्यक्रम के माध्यम के साथ नई दिशा में नाएं कार्यो के प्रति अग्रसर होंगे। कार्यक्रम के अंत में कुल सचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शिवम शुक्ला ने किया। अन्त में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग दयाशकर सरोज, इन्वेस्टर समिट सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रोफेसर सौरभ, वित्त अधिकारी अजय कुमार सोनकर, डॉक्टर अविनाश प्रताप सिंह, डॉक्टर नीता यादव, डॉ जय सिंह यादव, डॉ धर्मेन्द्र कुमार, डॉक्टर रक्षा, प्रोफेसर हरीश कुमार शर्मा, डॉक्टर मनीष शर्मा, डॉक्टर दीपक जायसवाल, डॉक्टर दिनेश प्रसाद, डॉक्टर प्रकृति राय, डॉक्टर अतुल रावत, डॉक्टर देवबक्स सिंह, अतुल रावत, दुर्गा प्रसाद दीक्षित, मनीष श्रीवास्तव, डॉक्टर अरुण द्विवेदी, डॉक्टर के के गुप्ता, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक एव विद्यार्थी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।





## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसी में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन






दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसी में जिला प्रशासन और महिला कल्याण विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत प्रोत्साहन हेतु 35 महिलाओ को मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री व छेत्रीय विधायक जय प्रताप सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। सोमवार अयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार कि यह सोच है कि महिलाओ को समाज कि मुख्य धारा से जोडना जिससे ये अपने आपको समाज के प्रत्येक क्षेत्र में मजबूती के साथ स्थापित कर सकें। आज देश के तमाम राज्यों में लिंग अनुपात में व्यापक अन्तर देखने को मिल रहा है जो बेहद दुखद है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा जो सरकार ने दिया है उसमें यही सोच है कि बेटियो को भी जन्म से लेकर अन्तिम सांस तक बेहतर समृद्ध बनाते हुए आत्मनिर्भर बना कर उनको उनका वाजिब हक दिया जाए। समाज के हर वर्ग में बेटियों के प्रति तमाम तरह के विपरीत सोच को बदलना होगा इसके सभी को यह संकल्प लेना होगा कि भ्रूण हत्या का खुलकर विरोध किया जाए। लिंग अनुपात में व्यापक अन्तर को समाप्त करने के लिए सभी को बेटों कि हि तरह बेटियों को भी जन्म देने के लिए वही खुशी लानी होगी जो खुशी बेटों के जन्म में होती है। बेटी और बेटे में अन्तर रखना कतई समझ में नहीं आता है कि आखिर मां कि एक कोख से हि तो बेटी और बेटे का जन्म होता है। इसको लेकर समाज के हर वर्ग को जागरूक होना पड़ेगा। हम यहां मौजूद उन सभी 35 महिलाओ को बधाई देते हुए धन्यवाद भी देगे जो आज अपनी नवजात बच्चीयो को लेकर यहां उपस्थित होकर सम्मानित हुई। कार्यक्रम को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसंतपुर के प्रभारी डा राजीव रंजन सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को भ्रूण हत्या को रोकने के लिए सभी को जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसी के प्रभारी डा आर के सिंह, डा अश्वनी चौधरी, डा एम के चौधरी, डा ओंकार जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर चीफ फार्मासिस्ट रतन शंकर चौधरी, विधि सह परविछा अधिकारी अजीत कुमार द्विवेदी रोमा पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे स्टाफ नर्स बिंदू, सुनीता, गीता पाण्डेय, रत्ना, किरन, दिव्या, लैब टेक्नीशियन कृष्ण कुमार पाण्डेय, आशीष कुमार, राम चन्द्र पाण्डेय, बी सी पी ओ पी द्विवेदी।

## सांसद जगदंबिका पाल ने लोकसभा में रिंग रोड बनाने की उठाई मांग

दैनिक बुद्ध का सन्देश



सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदंबिका पाल ने आज लोकसभा में नियम 377 के तहत अपने संसदीय क्षेत्र सिद्धार्थनगर में रिंग रोड बनाने की मांग किया। सांसद ने कहा की सिद्धार्थनगर भगवान बुद्ध के जन्म स्थान के रूप में विश्व भर में सुप्रसिद्ध है जहां उन्होंने अपने जीवन के पहले 29 वर्ष बिताए थे। साथ ही उन्होंने कहा की सिद्धार्थनगर को नीति आयोग के द्वारा लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के आधार पर 112 आकांक्षी जिलों के रूप में भी पहचाना गया है। सांसद जगदंबिका पाल ने आगे कहा की वो सिद्धार्थनगर के लोग के तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सिद्धार्थनगर को एक आकांक्षी जिले के रूप में पहचानने और जिले में विकास और समृद्धि लाने के लिए उनके राष्ट्रीय प्रयासों और दृष्टि और नेतृत्व प्रदान करने के लिए बहुत सराहनीय और आभारी हैं। आगे जगदंबिका पाल ने कहा की प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2024 तक भारत की सड़कों और राजमार्गों को अमेरिका की तरह बनाने के संकल्प को जल्द ही पूरा किया जा रहा है। इसी सकल्प को ध्यान रखते हुए उन्होंने कहा की वो सरकार से अनुरोध करते है कि सिद्धार्थनगर जिले में सिद्धार्थनगर के बाहरी इलाके में रिंग रोड बनाने की आवश्यकता है। रिंग रोड बन जाने से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर होगी और पर्यटकों को सुगमता से यात्रा करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही रिंग रोड सिद्धार्थनगर के आसपास के जिलों को जोड़ने में भी मदद करेगा और यात्रियों के लिए यात्रा के समय को कम करेगा।

## माइंड फेस्ट प्रतियोगिता के तहत पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

### प्रथम मनीष यादव पुत्र जैसराम यादव, द्वितीय अनुराग विश्वकर्मा पुत्र राम किशुन विश्वकर्मा, तृतीय अनुराग पुत्र राम पुजारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश





भनवापुर,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के मन्नीजोत स्थित निर्भर एकेडमी के तत्वावधान में पुरस्कार वितरित व सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा ने फीता काट कर की। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा ने कहा कि हमारे क्षेत्र में कोई कम्प्यूटर का स्कूल नहीं था। पर मन्नीजोत में स्थापित होने से बच्चों को डुमरियागंज नहीं जाना पड़ेगा। डा रामसूरत की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। वहीं कार्यक्रम में माइंड फेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीष यादव पुत्र जैसराम यादव,द्वितीय स्थान अनुराग विश्वकर्मा पुत्र राम किशुन विश्वकर्मा, तृतीय स्थान अनुराग पुत्र राम पुजारी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डाक्टर रामसूरत नें कहा कि मैं चाहता तो दिल्ली या यहां बाहर कहीं रहकर पैसा कमाकर अपना जीवन यापन कर सकता था, परन्तु मेरी सोच है कि मेरे गांव व क्षेत्र को कोई शिक्षा के प्रति पिछड़ा ना कहे इसी सोच को लेकर हम निर्भर एकेडमी के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने का कार्य करेंगे। साथ ही डा रामसूरत नें कहा कि हम आर्थिक रूप से निर्बल परिवार के बच्चों को भी नि,शुल्क शिक्षा प्रदान कराने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में भोजपुरी लोकगीत गायक अमर मणि दूवे व राजन पांडेय ने देश भक्ति व शिक्षा के गीत से लोगों जोड़ने का प्रयास किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी डुमरियागंज व एक्सियन डुमरियागंज मौजूद रहे। वहीं मीडिया और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर धर्मपाल, रामदरश, रामनरेश, मुकेश गौतम, शैलेश कुमार,राजन पांडेय रत्न, अमरमणि दूवे, अरविंद जायसवाल, अंजनी भारती, नितीश, मंजीत, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण हेतु शिक्षको का बीएसए कार्यालय पर तीन दिवसीय शान्ति पूर्ण सत्याग्रह

दैनिक बुद्ध का सन्देश





सिद्धार्थनगर। अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण हेतु परिषदीय स्कूल के गैर जनपद निवासी शिक्षकदृ शिक्षिकाओं ने बीएसए कार्यालय पर सोमवार से तीन दिवसीय शांतिपूर्ण सत्याग्रह शुरु किया। वक्ताओं का सिर्फ एक ही मांग अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण रहा। बता दें कि यह जिला वर्ष 2018 से आकांक्षी श्रेणी में है। यहां से बाहर जनपदों के लिए स्थानांतरण के लिए रोक लागू है। ऐसे में यहां तैनात शिक्षकों का पारस्परिक के अलावा स्थानांतरण नही हो रहा है। वर्तमान में अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण की मांग जोर पकड़ने लगी है। वाराणसी जिले की मूल निवासी शिक्षिका सुषमा सिंह, जालौन की प्रियंका राजे, बागपत की पंकज रानी, कानपुर के रोहित गुप्ता, शिखा गुप्ता की नियुक्ति 72 हजार बैच में वर्ष 2015 में हुई थी व शामली निवासी रूपा तोमर की 16 हजार बैच में 2016 में हुई थी। इन लोगों ने बताया कि वह अपने घर परिवार से दूर आठ वर्ष से सिद्धार्थनगर में शिक्षण कार्य कर रही हैं। इनका परिवार देखभाल के अभाव में विभिन्न समस्यायों से ग्रसित हो रहे हैं। कई परिवार दूर होने के कारण बिखर रहा है। सरकार को आकांक्षी जिले से स्थानांनतरण किया जाना आवश्यक है। अगर जल्द स्थानांनतरण की प्रक्रिया शुरू नही किया गया तो बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे। इस सत्याग्रह में निकेता शंखधार, अनुपम सिंह, पंकज राय, जयप्रकाश, गौरव पांडेय, सम्राट पाठक, अलका वर्मा, कल्पना, ज्योत्सना, हिमांशी, फरहत जमाल, रूपा तोमर, माधुरी, शशिकला, नोमिता, अंशू पवार, रीतू शर्मा, शीला यादव आदि मौजूद रहे।

## अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल का प्रयास रंग लाया होगा सौंदर्यीकरण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी, सिद्धार्थनगर। आदर्श व्यापार मंडल बांसी के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल का प्रयास रंग लाया। आदर्श व्यापार मंडल बांसी के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल तथा मेहताब आलम द्वारा डहर ताल के सौंदर्यीकरण हेतु जनपद सिद्धार्थनगर के यशस्वी लोकप्रिय सांसद जगदंबिका पाल को डहर ताल के सौंदर्यीकरण हेतु तथा विवाह बाद होने वाले तोरण विसर्जन के लिए एक घाट के निर्माण के लिए ज्ञापन दिया गया था। ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए लोकप्रिय सांसद जगदम्बिका पाल ने पर्यटन मंत्रालय से बांसी के नागरिकों के लिए प्रयास कर 1 करोड़ 27 लाख डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराते हुए 50 लाख का प्रथम किस्त रिलीज कराया बहुत जल्द टेंडर होकर कार्य प्रारंभ होगा। जिसमें आर्किटेक्ट द्वारा सहित ओपन ओपन जिम पार्क, सीढी आदि के निर्माण हेतु जिसका टेंडर विभाग द्वारा मांगी गई है। इस कार्य के लिए आदर्श व्यापार मण्डल–बांसी सहित बांसी के गणमान्य नागरिकों व व्यापारियों डाक्टर अनूप कुमार, वेदप्रकाश, अनिल कुमार अग्रहरि, बांसी विकास मंच अध्यक्ष बुद्धेश्वरनाथ, मेहताब आलम, दिलशाद अहमद, राजेश गुप्त, शनि, ज्ञानेन्द्र द्विवेदी दीपक, ज्ञानेश्वर सिंह ज्योति यादव, प्रेम चन्द्र, देवव्रत वर्मा, डहर ताल क्षेत्र में निवास करने वाले सभी लोगों ने डुमरियागंज संसदीय क्षेत्र के यशस्वी सांसद श्री जगदंबिका पाल जी को बहुत–बहुत बधाई दिया है।

## सम्पादकीय

**सो, एक तरफ कांग्रेस की जड़ मजबूत हुई है और उसे लोगों का समर्थन मिला है तो दूसरी ओर राज्य की प्रादेशिक पार्टियों का समर्थन भी उसको मिला है। ऐसे में अगर विधानसभा चुनाव की घोषणा होती है तो जम्मू क्षेत्र में भी भाजपा के लिए लड़ाई बहुत आसान नहीं रह जाएगी। अगर कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी तीनों मिल ...**

# कश्मीर में चुनाव का क्या होगा?



जम्मू कश्मीर में इस साल गर्मियों में विधानसभा चुनाव होगा या चुनाव टला रहेगा? यह लाख टके का सवाल है, जिसका जवाब कायदे से चुनाव आयोग के पास होना चाहिए लेकिन ऐसा लग नहीं रहा है कि उसके पास जवाब है। चुनाव का फैसला आयोग को नहीं, बल्कि सरकार को करना है। इसकी वजह यह है कि सुरक्षा कारण बता कर सरकार चुनाव टाले रह सकती है। चुनाव से जुड़ी लगभग सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। परिसीमन का काम हो गया है। सीटों के आरक्षण का काम हो गया है। अब मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम हो रहा है और चुनाव आयोग आयोग चाहे तो अगले कुछ दिन में किसी भी समय चुनाव की घोषणा कर सकता है। भाजपा के नेताओं ने भी कुछ समय पहले बहुत साफ संकेत दिए थे कि मई में विधानसभा का चुनाव हो जाएगा। पार्टी के महासचिव तरुण चुघ ने पिछले दिनों जम्मू कश्मीर में पार्टी के नेताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा था। लेकिन यह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू कश्मीर जाने से पहले की बात है। राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को जम्मू कश्मीर में जिस तरह का रिस्पांस मिला है और जिस तरह से गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के नेता पाला बदल कर कांग्रेस में लौटे हैं उसे देखते हुए लग रहा है कि भाजपा की रणनीति बदल सकती है। भाजपा को बहुत यकीन था कि डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी कांग्रेस को इतना नुकसान कर देगी कि कांग्रेस अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाएगी। यह भी लग रहा था कि कश्मीर में पूरी तरह से आजाद पर निर्भर कांग्रेस की यात्रा को राज्य में बहुत अच्छा रिस्पांस नहीं मिलेगा और यात्रा फेल हो जाएगी। लेकिन उलटा हुआ। आजाद की पार्टी से जुड़े कांग्रेस के तमाम बड़े नेता कांग्रेस में वापस लौट गए। इसके बाद राहुल की यात्रा जब जम्मू कश्मीर पहुंची तो पूरे रास्ते यात्रा का लोगों ने स्वागत किया। राज्य की दोनों बड़ी पार्टियों– नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के नेता अलग अलग जगहों पर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के समापन कार्यक्रम में भारी बर्फबारी के बावजूद लोग राहुल गांधी का भाषण सुनने पहुंचे। राहुल ने भी मौके के अनुकूल बहुत मार्मिक भाषण दिया। उन्होंने कश्मीरी लोगों, सुरक्षा बलों और सेना के जवानों व उनके परिवारों से अपने को जोड़ा। उन्होंने कश्मीर की अपनी यात्रा को अपने घर की यात्रा बताया और याद दिलाया कि उनके पूर्वज कश्मीर से निकल कर ही इलाहाबाद गए थे। सो, एक तरफ कांग्रेस की जड़ मजबूत हुई है और उसे लोगों का समर्थन मिला है तो दूसरी ओर राज्य की प्रादेशिक पार्टियों का समर्थन भी उसको मिला है। ऐसे में अगर विधानसभा चुनाव की घोषणा होती है तो जम्मू क्षेत्र में भी भाजपा के लिए लड़ाई बहुत आसान नहीं रह जाएगी। अगर कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी तीनों मिल कर लड़ते हैं और साथ में सीपीआई भी शामिल रहती है तो गठबंधन का पलड़ा भारी रहेगा। जबकि भाजपा को हर हाल में चुनाव जीतना है और हिंदू मुख्यमंत्री बनाना है। अगर उसे लगता है कि ऐसा नहीं हो पाएगा तो तय मानें कि चुनाव टला रहेगा।

## भगवान श्री राम के के अनंत साधक हैं गोस्वामी तुलसीदास

गोस्वामी तुलसीदास जी भगवान श्री राम के अनंत साधक हैं। बार बार वे विभिन्न रूपकों और उपमा के द्वारा प्रभु श्री राम की वंदना करते हैं। वे श्रीरामचरित मानस के बालकांड में लिखते हैं कि  गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न। बंदउं सीता राम पद जिन्हहि परम प्रिय खिन्न।। अर्थात जो वाणी और उसके अर्थ तथा जल और जल की लहर के समान कहने में अलग अलग हैं, परंतु वास्तव में अभिन्न हैं, उन श्री सीताराम जी के चरणों की मैं वंदना करता हूं, जिन्हें दिन दुःखी बहुत ही प्रिय हैं।  तुलसी के राम गरीब नेवाज हैं। मानस के बाल कांड में ही गोस्वामी जी लिखते हैं कि बंदउ नाम राम रघुबर को। हेतु कृसानु भानु हिमकर को। बिधि हरि हरमय बेद प्रान सो। अगुन अनूपम गुन निधान सी।।  इन पंक्तियों को रचते हुए गोस्वामी जी कहते हैं कि मैं श्री रघुनाथ जी के नाम राम की वंदना करता हूं, जो कृशानु (अग्नि), भानु (सूर्य) और हिमकर (चंद्रमा) का हेतु अर्थात र आ और म रूप से बीज है। वह राम नाम ब्रह्मा, विष्णु और शिवरूप हैं। वे वेदों के प्राण हैंय निर्गुण, उपमा रहित और गुणों के भंडार हैं। गोस्वामी तुलसीदास शैव और वैष्णव मतावलंबियों के संघर्ष को भी समित करना चाहते हैं। तभी तो वे लिखते हैं कि महामंत्र जोइ जपत महेसू। कासी मुकुति हेतु उपदेसू।। महिमा जासु जान गनराऊ। प्रथम पूजिअत नाम प्रभाऊ।। गोस्वामी तुलसीदास के लिए राम नाम महामंत्र है। जिसे माहेश्वर शिव जी जपते हैं और उनके द्वारा जिसका उपदेश काशी में मुक्ति का कारण है, और जिसकी महिमा को गणेश जी जानते हैं। जो इस राम नाम के प्रभाव से पहले ही पूजे जाते हैं। इस तरह गोस्वामी तुलसीदास जी के लिए राम नाम अमृत सदृश है।



**लेखक विनय कांत मिश्र/ दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# जोशीमठ त्रासदी से सबक ले बने विकास -पर्यटन नीति

**जरा सोचिए कि जिस पहाड़ जंगल में ऊंची आवाज में बोलना इसलिए वर्जित माना जाता है ताकि वहां के वन्यजीवों और शांति में खलल न पड़े, वहां केदरानाथ के लिए गर्जना करते हेलीकश्नप्टरों की सतत आवाजाही ध्रकपाट खुलने बंद होने तकत्र जारी रहती है। तीर्थ क्षेत्र में आक्रामक पर्यटन के वास्ते बन रही परियोजनाएं कहीं ज्यादा नुकसान कर रही हैं। हालांकि जोशीमठ के धंसने–दरकने के कुछ ...**

अजय दीक्षित

हिमालय की गोद में बसा आदि शंकराचार्य की तपस्थली और चार धामों में एक ज्योतिर्पीठ के रूप में विख्यात उत्तराखण्ड का ज्योतिर्मठ या जोशीमठ है, जिसका एक हिस्सा तेजी से धंस रहा है। धंसते शहर की त्रासदी यह है कि यहां रहने वाले करीब सात सौ परिवारों के घर दरारों से पट गए हैं और ढहने का खतरा देखते हुए उनमें रहने वालों को राहत शिविरों में भेज दिया गया है। धंसती इमारतें नजदीकी भवनों के लिए खतरा न बन जाएं, इसलिए उन्हें ढहाने का काम भी शुरू हो चुका है। जोशीमठ धंस रहा है, यह चर्चा बीते कई महीनों से थी। पर इधर जब एक के बाद एक करके छह–सात सौ घरों, होटलों, आंगनबाड़ी केन्द्र और तमाम इमारतों में फर्श, दीवारों में दरारें चौड़ी होने लगीं और भीतर से इनका दरकना टूटना शुरू हो गया तो लोगों के पास वहां से बाहर निकल कोई और आसरा खोजने के सिवा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा। यह एक भूकंप है जिसे पहले से बूझ लिया गया है। राहत सिर्फ इतनी है कि इस भूकंप से जान का कोई नुकसान नहीं होगा, बशर्ते अपनी जिंदगी भर की कमाई से बनाए घर से बेघर होने पर ठण्ड उसे न मार दे। सरकार–प्रशासन के स्तर पर राहत शिविर बनाने, जांच कमेटी गठित करने, प्रशासनिक अधिकारियों को बचाव कार्य के



निर्देश जारी करने, मुख्यमंत्री के दौरे और प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सक्रियता दिखाने के अलावा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों की तैनाती जैसे प्रबंध कर दिए गए हैं। पर जोशीमठ के दरकने की घटना कोई पहली बार नहीं हो रही है। सिर्फ जोशीमठ ही क्यों, समूचा उत्तराखंड या कहें हिमालय इससे पहले भी टूटा फूटता धंसता– दरकता या यूं कहें कि घायल होता रहा है। वर्ष 2013 की 15–16 जून को घटित केदारनाथ त्रासदी को याद कर लें । फरवरी, 2021 में तपोवन इलाके के गांव रैणी में ग्लेशियर फटने की घटना को देख लें। सप्तऋषि और चंबा नाम के दो पहाड़ों के बीच स्थित ग्लेशियर फटा तो नीचे स्थित ऋषिगंगा में सुनामी आ गई। ऋषिगंगा का यह सैलाब आगे बढ़कर धौलीगंगा में मिला और उस पर मौजूद एनटीपीसी के पावर प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचाने के अलावा वहां काम कर रहे मजदूरों, नजदीकी मुरिंडा नामक जंगल में घास काटने गई महिलाओं समेत 50 से ज्यादा लोगों को लील गया। ये आंकड़े तो सरकारी हैं, बताते हैं कि ऋषिगंगा में आई बाढ़ 150 से 200 मौतों का सबब बनी थी। एनटीपीसी की एक पनबिजली परियोजना जोशीमठ में भी है, जिसके लिए शहर के नीचे एक टनल बनाई जा रही है । कहने वाले कह रहे हैं कि यह टनल ही पहाड़ के दरकने की मूल वजह है। उधर, एक रोपवे प्रोजेक्ट भी है, जिसके खंबों के नीचे से ही बताते हैं कि पहाड़ की दरार शुरू हुई है और वहां से खिंचते–खिंचते शहर में उतर आई है। इसलिए बहस तेज है कि विकास के लिए पहाड़ पर बम की तरह बरसता इंसानी दखल ही जोशीमठ की रौनक बुझाने वाला साबित हो रहा है। हो सकता है कि जोशीमठ का मामला कुछ दिनों में शांत हो जाए या फिर सरकारी पराक्रम से मीडिया की सुर्खियों में रहने लायक न रह जाए, पर ऐसी दखलंदाजी पर देश की सर्वोच्च अदालत के आदेश पर बनी पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की 11 सदस्यीय विशेषज्ञ संस्था आज से नौ साल पहले जो बात कह चुकी है, उस पर हमें कान देने चाहिए। केदारनाथ त्रासदी (16–17 जून, 2013 की दरम्यानी रात ) की जांच के लिए बनाई गई इस विशेषज्ञ संस्थान संस्था ने 2014 में अपनी रिपोर्ट दी और उसमें कहा था कि उत्तराखंड में मौजूद और जारी निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाएं पहाड़ में हो रहे विनाश के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। उत्तराखंड में विकास का ताजा घटनाक्रम वहां बने ऑल वेदर हाईवे (रोड) प्रोजेक्ट से संबंधित है, पर उसके आगे–पीछे भी तमाम ऐसी गतिविधियां इस पर्वतीय राज्य में चल रही हैं जिन्होंने प्रकृति और वहां रह रहे लोगों को त्राहिमाम कहने को मजबूर कर दिया है। हमारे देश में, खासकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश आदि पर्वतीय राज्यों में आज हर पर्यटन स्थल दुकानों से भरा हुआ है। जरा सोचिए कि जिस पहाड़ जंगल में ऊंची आवाज में बोलना इसलिए वर्जित माना जाता है ताकि वहां के वन्यजीवों और शांति में खलल न पड़े, वहां केदरानाथ के लिए गर्जना करते हेलीकॉप्टरों की सतत आवाजाही (कपाट खुलने बंद होने तक) जारी रहती है। तीर्थ क्षेत्र में आक्रामक पर्यटन के वास्ते बन रही परियोजनाएं कहीं ज्यादा नुकसान कर रही हैं। हालांकि जोशीमठ के धंसने–दरकने के कुछ कारण और हैं । यहां की जमीन चूंकि खोखली है, इसलिए वह खिसकती और धंसती रहती है। इससे जमीन के ऊपर बने मकानों में जब–तब दरारें उभरने लगती हैं। साल 2006 में आई एक वैज्ञानिक रिपोर्ट में कहा गया था कि जोशीमठ प्रतिवर्ष एक सेंटीमीटर धंस रहा है ।

**लेकिन फिर भी समाज के एक खास वर्ग को इससे पूरी तरह मुक्ति नहीं मिल सकी। अब तक कानून तो बनते रहे मगर वे कानून अपने उद्देश्य की पूर्ति न कर सके। अब उम्मीद की जा सकती है कि भारत सरकार की मदद से सारे देश के शहरों में मशीनों से ही नालियों, सीवरलाइनों और सेप्टिक टैंकों की सफाई हो सकेगी। मैन्वल स्कैवेंजिंग से एक जाति विशेष का उद्धार नहीं हो पा रहा है। संसद में 2021 में ...**

# मुद्दा : स्कैवेंजिंग से मिलेगी मुक्ति

जयसिंह रावत

मौजूदा सरकार का अंतिम पूर्ण बजट होने के कारण वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने बजट 2023–24 में समाज के लगभग सभी वर्ग को छूने का प्रयास किया है, लेकिन इस बजट में सामाजिक तौर पर जो महत्त्वपूर्ण बात नजर आ रही है वह सफाई कर्मचारियों को मैनुअल स्कैवेंजिंग से मुक्ति दिलाने के लिए सेप्टिक टैंकों और गंदी नालियों की सफाई के लिए मशीनीकरण शुरू करने की है। वास्तव में कानूनी प्रावधानों के बावजूद व्यावहारिक कठिनाइयों और दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव में सिर पर मैला ढोने या दूसरों की गंदगी को हाथ से साफ करने का कलंक समाज के माथे से साफ नहीं हो रहा है। अब भी हर साल सैकड़ों की संख्या में सफाईकर्मी सीवरलाइनों के अंदर दम घुटने से जान गंवा रहे हैं। आज भी स्कैवेंजिंग का काम अनुसूचित जाति के एक वर्ग के भरोसे चल रहा है। वित्त मंत्री द्वारा पेश केंद्र सरकार के वार्षिक बजट 2023–24 में संकल्प लिया गया है कि सेप्टिक टैंकों और नालों से मानव द्वारा गाद निकालने का काम पूरी तरह से मशीनयुक्त बनाने के लिए शहरों को तैयार किया जाएगा।

जाहिर है कि केंद्र सरकार इस प्रथा की मुक्ति के लिए नगर निकायों को मशीनें उपलब्ध कराएगी या उसके लिए अलग से बजट देगी। स्वच्छता अभियान के तहत केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच मुक्ति का अभियान 2014 से चला चुकी है। हालांकि खुले में मुक्ति के लिए अक्टूबर 2019 तक का लक्ष्य रखा गया था जो कि व्यवहार में अभी तक अधूरा है। फिर भी उस मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों घरों में शौचालय बने हैं। अब इस अभियान को अगर दिलोजान से चलाया गया तो इंसानों की एक बिरादरी को सचमुच दूसरों की गंदगी साफ करने से कलंक से मुक्ति मिल जाएगी।

महात्मा गांधी और डॉ. अम्बेडकर दोनों ने ही हाथ से मैला ढोने की प्रथा का पुरजोर विरोध किया था। यह प्रथा संविधान के अनुच्छेद 15, 21, 38 और 42 के प्रावधानों के भी खिलाफ है। आजादी के 7 दशक बाद भी इस प्रथा का जारी रहना देश के लिए शर्मनाक है। लातूर महाराष्ट्र के सांसद




सुधाकर तुकाराम के एक प्रश्न के उत्तर में लोक सभा में 2 फरवरी 2021 को तत्कालीन सामाजिक अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत का जवाब था कि 31 दिसम्बर 2020 तक उससे पिछले 5 सालों में देशभर में सीवर लाइनें साफ करते हुए 340 सफाइकर्मियों की मौत हुई। इनमें सर्वाधिक 52 सफाईकर्मी उत्तर प्रदेश में मारे गए। उसके बाद तमिलनाडु की गंदी नालियां जाति विशेष के कर्मियों के लिए मरघट बनीं जहां 43 लोगों ने जानें गंवाई। देश की राजधानी दिल्ली में 36 सफाईकर्मियों ने नारकीय परिस्थितियों में दम तोड़ा। समाजिक अधिकारिता मंत्री का यह भी जवाब था कि देश में अब तक 13 राज्यों में 13,657 मैला ढोने वालों की पहचान की गई है, लेकिन 2011 की जनगणना में परिवारों के आंकड़ों से बड़ी संख्या में गंदे शौचालयों को हटाने को ध्यान में रखते हुए राज्यों से कहा गया है कि वे अपने सव्रेक्षण की दोबारा समीक्षा करें। दरअसल, कानून अकेले किसी समस्या का समाधान नहीं कर सकता।

अगर इस अमानवीय समस्या का समाधान कानून के पास होता तो नब्बे के दशक में समस्या तब समाप्त हो जाती जब पहली बार 1993 में सफाई कर्मचारी नियोजन और शुष्क शौचालय सन्निर्माण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1993 आ गया था। जिसका उद्देश्य मानव मल–मूत्र को हटाने के लिए सफाई कर्मचारियों के नियोजन को अपराध घोषित कर सफाई कार्य के हाथ से किए जाने का अंत करने और देश में शुष्क शौचालयों की और वृद्धि पर पाबंदी लगाने के लिए संपूर्ण भारत के लिए एक समान विधान अधिनियमित करना था। जब इस कानून से काम नहीं चला तो उसके बाद सितम्बर 2013 में संसद द्वारा श्हाथ से मैला साफ करने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013य पास किया गया। इस अधिनियम में अस्वच्छ शौचालयों और मैनुअल स्केवेंजिंग संबंधी उपबंधों का पहली बार उल्लंघन करने पर 1 वर्ष की सजा या 50 हजार का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दूसरी बार उल्लंघन करने पर 2 वर्ष की सजा और 1 लाख का जुर्माना हो सकता है।

तीसरी बाररू उल्लंघन करने पर 5 पांच साल की सजा या 5 लाख के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है। इस अधिनियम की धारा 22 के अंतर्गत पाए गए अपराध संज्ञेय एवं गैर जमानती हैं, लेकिन फिर भी समाज के एक खास वर्ग को इससे पूरी तरह मुक्ति नहीं मिल सकी। अब तक कानून तो बनते रहे मगर वे कानून अपने उद्देश्य की पूर्ति न कर सके। अब उम्मीद की जा सकती है कि भारत सरकार की मदद से सारे देश के शहरों में मशीनों से ही नालियों, सीवरलाइनों और सेप्टिक टैंकों की सफाई हो सकेगी। मैन्वल स्केवेंजिंग से एक जाति विशेष का उद्धार नहीं हो पा रहा है। संसद में 2021 में स्वयं सरकार ने स्वीकार किया था कि इस पेशे में लगे लोगों में 97.25 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति के थे।



# धूमधाम से मनाया गया संत रविदास जन्मोत्सव समारोह

## आकर्षण का केन्द्र रही महापुरुषों की झांकियां

सीतापुर। सामाजिक सद्भाव के मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत संत रविदास की जयंती नगर सिधौली में परंपरागत तरीके से बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ढोल नगाड़े, बैंड बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा कस्बा के महमूदाबाद चौराहा पर स्थित पंचायती रविदास मंदिर से निकाली गई। शोभा यात्रा में संत रविदास के जीवन पर आधारित तरह–तरह की झांकियों में बैठे संत रविदास के साथ ही गुरुनानक देव, संत कबीर, डॉ. अम्बेडकर, तथागत गौतम बुद्ध आदि महापुरुषों से संबंधित मनमोहक झाकियां लोगों का आकर्षण का केंद्र रही। झांकियों के साथ बैंडबाजे, ढोल नगाढ़े की धुन पर नन्हें–मुन्ने बच्चे, नौजवान, महिलाएं आदि भजन, गीत और रविदास जी के जयकारे लगाते हुए कह रहे थे। लोना माता की जय, करमा माता की जय, मन चंगा तो कठोती में गंगा आदि जयकारों से पूरा वातावरण गुंजाएमान हो रहा था। शोभा यात्रा में हरदोइया, बनियानी, बिशुनदासपुर, बौनाभारी, सीतारसोई, रघुराजपुर, उनई, सोनारी, खरवलिया, बहादुरपुर, खालेगढ़ी, रामपुर टड़वा, रमनगरा, नरायनपुर, भुचकैली, जुधौरा, दुर्गापुर, मानपारा, सीरगंज, अलहइयापुर आदि गांवों से भव्य व दिव्य झांकिया सम्मिलित हुई। क्षेत्र के विभिन्न दूर–दराज दर्जनों गांवों से रविदास के अनुयायी प्रातःकाल से ही ट्रैक्टर ट्रालियों, मोटर साइकिल और साइकिलों से भारी संख्या में आने लगे थे। दोपहर में भारी जन सैलाब के साथ हजारों की संख्या में बच्चे, युवा, महिलाएं, पुरुष, बौद्ध भिक्षु, कबीरपंथी व रविदास पंथी बड़े उत्साह के साथ इक्ट्ठे हुए। तत्पश्चात रविदास मंदिर महमूदाबाद चौराहे से शोभा यात्रा पंचायती रविदास मंदिर से शुरु होकर तहसील चौराहा, बस स्टाप, पड़ाव मैदान, आम्बेडकर पार्क, बिसवॉ चौराहा, डाक बगला और तहसील रोड होते हुए पुनः रविदास मंदिर पहुंच कर जनसभा के रूप में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अनुयायियों ने कहा कि संत रविदास ने मानव को शिक्षित व कर्मयोद्धा बनने की नसीहत दी है। जो आज के दौर में प्रासांगिक है। जिससे आज भी हम उनके मार्ग पर चलकर मानव कल्याण की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे कर्मयोगी व दूरदृष्टा को शत शत नमन वन्दन है।

संत रविदास की प्रतिमा पर अुनयायियों ने फूल मालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन समर्पित किया। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से अमर सेन चौधरी, निधायक मनीष रावत, बुद्ध प्रकाश, पूर्व विधायक डॉ हरगोविंद भार्गव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, रोहित भारती, राम चन्द्र गौतम, राजकुमार, हर्ष कुमार रषिक, गुरुदीन गौतम, हेमनाथ गौतम, रामकुमार, इंजी महेन्द्र कुमार, डॉ रवि कुमार प्रधान पंकज कुमार गौतम, राम करन यादव, राजेश सिद्धार्थ, उजागर लाल गौतम आदि उपस्थित रहे।

# अग्रवाल सभा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सौपे गये दायित्व

सीतापुर। अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय बंसल ने अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज की बैठक बुलाकर अग्रवाल सभा के नए पदाधिकारियों की घोषणा की। बैठक में सर्वप्रथम श्री बंसल ने महामंत्री आकाश अग्रवाल बजरंगी, व कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल फन्नी को घोषित कर महामंत्री के माध्यम से कार्यकारिणी के सभी पदों को घोषित किया। जिसमें उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, अरविंद जिंदल, विनय अग्रवाल एनजी, अरविंद अग्रवाल, पवन बंसल, अंजनी लाठ, मोनू खेतान, विवेक अग्रवाल, डॉ संदीप सराफ, मंत्री अनिल महावर, मनोज अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल,अंचल भालोठिया, पुनीत अग्रवाल, मनुज शाह, नितिन अग्रवाल, संगठन मंत्री नीरज जैन, बसंत गोयल, विनय अग्रवाल शेयर, पंकज बंसल, राकेश अग्रवाल, शिव मोहन अग्रवाल, पीयूष मोदी, रचित एरन, प्रचारमंत्री नीरज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, संजय दारूका, नरेश अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, वैभव बंसल अक्षत अग्रवाल डॉ विवेक बंसल, मीडिया प्रभारी दीपक अग्रवाल गोलू स्वागत अध्यक्ष डॉ प्रवीण गुप्ता, दिनेश दारूका, नवीन अग्रवाल बंटी कमलनयन आर्य, विकास अग्रवाल, विक्की, आलोक अग्रवाल, संयोजक शंभू खेतान, सुशील अग्रवाल शैली, सुनील अग्रवाल, आय–व्यय निरीक्षक एड0 हरीश अग्रवाल, विधिक सलाहकार एड0 गोपाल लाठ को घोषित कर अग्रवाल समाज को मजबूत करने एवं आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए वचन लिया। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अध्यक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अग्रवाल समाज व सर्व समाज के हित के लिए कार्य करने का वचन दिया। बैठक के समापन पर संरक्षक प्रेमचंद अग्रवाल, राजाराम जिंदल, महेश अग्रवाल, प्रहलादराय अग्रवाल राजेंद्र अग्रवाल नागर, जयप्रकाश भरतीया, राजेंद्र अग्रवाल राजस्थानी, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप गोयल व कोषाध्यक्ष वैभव बंसल आदि ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

## हत्याभियुक्त गिरफ्तार

बिसवां नगर (सीतापुर)। कोतवाली पुलिस ने एक हत्याभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर धारा 302, 201, 404 से संबंधित अभियुक्त कपिल वर्मा पुत्र हरिश्चंद्र वर्मा निवासी ग्राम भागीपुर थाना बिसवां को सुबह करीब 6 बजे गिरफ्तार किया गया। घटना के संबंध मे पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना जुर्म भी स्वीकार कर लिया। उसके पास से मृतक शुभम का ओप्पो मोबाइल फोन तथा उसकी पर्स एवं फोटो भी बरामद हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी है।

## सीमा विवाद में फंसा कई वर्षो से खराब पड़ा नल

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला अंतर्गत हुसेनपुर के पुल पर लगा इंडिया मार्का हैंडपंप कई वर्षों से खराब पड़ा हुआ है। उसके बावजूद भी आज तक नल सही नहीं हुआ है। हर समय यहां पर सौ 50 आदमी रहते हैं। 10– 20 दुकानें हैं। इसके बावजूद भी नल अभी तक सही नहीं हुआ। इस संबंध में हुसैनपुर प्रधान सहवान ने बताया कि यह नल अकबापुर की सीमा के अंदर आता है। इसलिए हम सही नहीं करवा सकते हैं। फिलहाल सीमा विवाद में फंसे होने के कारण नल नहीं बन पा रहा है। जिससे आम जनता के साथ साथ व्यापारी तथा राहगीर परेशान है।

## प्रधान की मनमानी, चहेतों को दिया आवास

गोंदलामऊ (सीतापुर)। ब्लॉक गोंदलामऊ थाना संदना ग्राम पंचायत कोरौना के पात्र लाभार्थी परेशान हैं। ग्राम पंचायत कोरौना में पात्र लाभार्थियों को आवास नहीं दिया जा रहा है। अपात्र व प्रधान के चहेतों को आवास दिया जा रहा है। ग्राम प्रधान मनमानी व लापरवाही कर रहे है। जिन पात्रों को प्रधान द्वारा आवास दिया भी जाता है तो उनसे आवास के नाम पर 20 हजार रूपये मांगते हैं न देने पर उसे अपात्र घोषित कर देते हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कोरौना भारतपुर निवासी गौतम पुत्र पंचम लाल का आवास था। जिसमें आवास पर बीस हजार रुपये मांग की गयी। जो कि लाभार्थी देने में असमर्थ है। इस कारण गौतम को अपात्र घोषित कर दिया और आवास काट दिया गया। आवास के लिये पात्र परिवार गुहार लगा रहे लेकिन फिर भी पात्र परिवारों को आवास नहीं दिया जा रहा है। कुछ पात्र परिवार ऐसे हैं कि देखने में असमर्थ लाभार्थी को भी आवास नहीं दिया गया।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

सीतापुर। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक सुबह 11 बजे नेहरू हाल में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त राज्य कर नीरज शुक्ला औषधि निरीक्षक संदीप कुमार गुप्ता की उपस्थिति में सीतापुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक हुई। इस कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सहज गुप्ता के द्वारा किया गया। जिसमें दवा व्यवसायियों को जीएसटी एवं दवा संबंधी समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। जिसमें इस संगठन के संरक्षक शोभित टंडन अध्यक्ष जितेन्द्र बाजपेई (प्रेमू) महामंत्री सहज गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुमित मिश्रा उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, उपेंद्र शुक्ला, विनीत सिंह, ममता मिश्रा, मंत्री अतुल श्रीवास्तव, राजकुमार तिवारी, अमित गुप्ता मीडिया प्रभारी, डॉ यूएस जायसवाल, संगठन मंत्री विजेंद्र विक्रम सिंह, संयुक्त मंत्री अनिल कुमार नंद, अमित दीक्षित, कार्यकारिणी सदस्य विजय श्रीवास्तव, अतुल शुक्ला, अनुज दिक्षित, दीपक गुप्ता एवं शहर के दवा व्यवसाई बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। आज की इस बैठक में सहायक आयुक्त राज्य कर नीरज शुक्ला के द्वारा जीएसटी से संबंधित आ रही समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। जिसके साथ ही उन्होंने बताया कि जीएसटी का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को बहुत ही सरलीकरण कर दिया गया है। जो कि अब आप अपने घर पर बैठकर भी 1 दिन में रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जीएसटी का रजिस्ट्रेशन उन व्यापारियों को लेना आवश्यक है जिनका टर्नओवर 4000000 रुपए या उससे ऊपर का है उनको लेना अनिवार्य है और इस जीएसटी के रजिस्ट्रेशन को लेने से उनके क्या फायदे हैं। यह भी बताया उन्होंने यह भी बताया कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन लेने पर फर्म मालिक का 1000000 का सरकार के द्वारा मुफ्त इंश्योरेंस भी होता है। जिससे व्यापारियों को लाभ होता है एवं औषधि निरीक्षक संदीप गुप्ता ने भी दवा व्यवसायियों को संबोधित करते हुए कहा कि दवा व्यवसाय में सरकार के द्वारा समय–समय पर जो भी बदलाव किए जा रहे हैं। उन बदलाव को अपने व्यापार में कैसे इस्तेमाल करना है। उन पर कैसे अमल करना है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर सीतापुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र बाजपेई ने भी दबाव साथियों को संबोधित किया और उनको आश्वासन दिया कि सीतापुर जिले के समस्त दवा व्यवसायियों को भविष्य में कभी कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर उनके साथ वह हमेशा संगठन को मजबूत करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर वह खड़े रहेंगे। जिस पर सदन ने एक ध्वनि में उनका समर्थन किया और साथ ही साथ इस कार्यक्रम में हमारे वरिष्ठ संरक्षक सचिंद्र मोहन कपूर एवं हमारे दवा व्यवसाई नवनीत मिश्रा के निधन पर इस सभा के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर इन दोनों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

## प्रयाग नाराण मंदिर का 162वां श्री बम्होत्सव सम्पन्न

कानपुर नगर। उत्तर भारत का सुप्रतिद्ध दक्षिण भारतीय शैली में स्थापित महाराज प्रयाग नारायण मंदिर, शिवाला का 11 दिवसीय स्थापना दिवस श्री ब्रम्होत्व माध मेला धूम–धाम से परम्परागत रूप से सम्पन्न हुआ। सुबह 6 बजे शेष वाहन पर भगवार रंगनाथ मंदिर से भक्तों के कन्धों में निकलकर मंदिर प्रांगण की परिक्रमा करते हुए जनकपुर गयी। प्रातः 10 बजे भव्य स्वर्ण सिंहासन में शिवाला मंदिर से शहनाई व बैंण्ड बाजा की धुन पर महात्माओं, संतों एवं नगर के गणमान्य लोगों, राजनेताओं के साथ शोभायात्रा निकाली गयी, जिसममें दक्षिणी शाही दल एवं रजत कलश, तुलसा जी की डोली तथा गंगा जी यज्ञान्त स्नान हेतु प्रस्था की जगह–जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। सरसैया घाट गंगा तट पर शोभायात्रा विश्रामकर सभी भक्तों व आचार्यो ने जयकारा लगाते हुए गंगाजी में स्नान किया साथ ही पंचमेवा प्रसाद वितरण किया गया तथा महा भण्डारें का आयोजन हुआ। सांयकाल राष्ट्रीय व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी कार्यक्रम अंदिर अध्यक्ष मुकुल विजय नारायण तिवारी एवं प्रबन्ध अभिनव नारायण तिवारी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बद्री नारायण तिवारी, धर्म प्रकाश गुप्त, डा0 श्यामबाबू गुप्त, राजू खण्डूजा, महेश त्रिवेदी विधायक, सुहेल अंसारी विधायक, अम्बरीश मिश्रा, नौशालद आलम, डा0 अंगद सिंह, डा0 अमित द्विवेदी, सलिल विश्नाई, प्रदीप दीक्षित, प्रमोद कुमार, शंकर दत्त मिश्रा, संजय शाह आदि लोग उपस्थित रहे।

# दुनिया की कोई ताकत भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं कर सकती: राजरतन अंबेडकर

हरदोई।पिहानी कस्बे के हामिद अली इंटर कॉलेज के मैदान में शिरोमणि गुरु रविदास की 647 वीं जयंती समारोह पर डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव एवं जन कल्याण समिति की ओर से आयोजित विशाल जनसभा एवं संस्कृत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रिय गौतम ने किया।बाबा साहब के प्रपौत्र राजरतन अंबेडकर का स्वागत रास्ते में आहरापुर बुद्ध विहार व मिंडा पुरवा में फूल मालाओं से लादकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज रतन अंबेडकर ने तथागत बुद्ध ,संत शिरोमणि रविदास व बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया।

हामिद अली इंटर कॉलेज की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राजरतन अंबेडकर ने कहा कि कि दुनिया की कोई ताकत भारत को हिंदू राष्ट्र नहीं घोषित कर सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा संविधान बदलने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के अपनी सरकार में मनमानी कर रही है। धर्म की आड़ में गरीब मजलूम जनता को आपस में लड़ाया जा रहा है। ब्रह्मा,विष्णु,दुर्गा, काली व राम को मैं नहीं मानता हूं। परंतु इनका अपमान भी नहीं करता हूं। इन सभी को न मानना कोई गाली नहीं है। रतनलाल अंबेडकर ने तंज कसते हुए कहा कि कोई बाबा थे जिन्होंने कहा था कि यदि भारत हिंदू राष्ट्र नहीं घोषित होगा तो वह आत्महत्या कर लेंगे। दुनिया की कोई ताकत भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं कर सकती। हम सभी भारतीय हैं। यह देश मुसलमानों व बौद्ध के साथ 132 करोड़ भारतीयों का है।

राजरत्न आंबेडकर ने कहा कि बहुजनों को हक तभी मिलेगा, जब वह संगठित होंगे। बहुजन समाज जातियों के नाम पर बंटा है।सरकार संविधान को बदलने में लगी है। शिक्षा में बदलाव करके बहुजनों के साथ अन्याय हो रहा है। हमें अपनी हिस्सेदारी लेनी होगी। इसके लिए सभी बहुजन लोग जागरुक हों और जाति व्यवस्था को खत्म करें। प्रोफेसर रतन लाल हिंदू कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय, ने पुलिस पर तंज कसते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के पुलिस बाबा के इशारे पर नाच रही है। दलितों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। प्रोफेसर राजेंद्र वर्मा लखनऊ विश्वविद्यालय, एडवोकेट सुजीत सम्राट उच्चतम न्यायालय, राहुल नागपाल राष्ट्रीय कवि एवं वरिष्ठ पत्रकार, नीरज पटेल आदि लोगों ने विशाल जनसभा को संबोधित किया।


इस मौके पर अशोक गौतम ,महेंद्र विक्रम, संजय कुमार,मैकूलाल राही ,राम अवतार नागर, डालचंद गौतम, राकेश कुमार एडवोकेट, इंद्रपाल ,मिथिलेश कुमार ,अरविंद कुमा,र हरपाल ,सोनू भारती जिला पंचायत सदस्य, राममूर्ति जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका परिषद निवर्तमान चेयरमैन जमाल साजिद चांद ,राजीव गुप्ता,डॉ अरुण मौर्या,विमलेश तिवारी,ओम प्रकाश डिप्टी सीएम कानपुर, एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह,एसडीएम शाहाबाद ,कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ,अतिरिक्त कोतवाल पी पी सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# कविता

## प्रेरणा गान

चलो चलें अयोध्या धाम
डॉ सीमा मिश्रा

चलो चलें अयोध्या धाम।
जहां मिलेंगे साक्षात राम।।
शालिग्राम लाए नेपाल से,
जहां है शिव शंभू धाम।
राम के आराधक रहे हैं शिव जी
और आराधक शिव के राम।।
चलो चलें अयोध्या धाम....1
शालिग्राम से बनेगी मूर्ति,
होंगे पूरे सारे काम।
मूर्ति बनेगी अयोध्या जी में,
जहां पर जन्मे राजाराम।।
चलो चलें अयोध्या धाम...2
राम जी के दर्शन होंगे,
हनुमान जी होंगे साथ।
सरयू में स्नान करके,
कट जाएंगे पाप तमाम।।
चलो चले अयोध्या धाम...3
हनुमानगढ़ी में हनुमान जी
भक्तों में है भक्त महान।
माता सीता और लक्ष्मण संग,
अयोध्या में ही विराजे राम।।
चलो चलें अयोध्या धाम...4
जहां मिलेंगे साक्षात राम.....



डॉक्टर सीमा मिश्रा/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

# हिंदी निबन्ध 'सृजन और संदर्भ का लोकार्पण

कानपुर नगर। ज्वालादेवी विधा मंदिर पीजी कालेज, आनन्द बाग में डा0 अरूणिमा कुमार ज्वालादेवी पीजी कालेज, प्रो0 मधू श्रीवास्तव प्रो0 हिंदी विभाग आगरा, डा0 राधा भारद्वार राजकीय महाविधालय कुरसंडा हाथरस द्वारा लिखत पुस्तक हिंदी निबन्ध ' सृजन और संदर्भ का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुआ। डा0 अरूणिम कुमार द्वारा डा0 मधु श्रीवास्तव व राधा भारद्वाज के श्रमसाध्य तथा विद्धतापूर्ण कार्य की सराहने कते हुए उनसे सीखाते रहने की बात कही।मुख्य अतिथि प्रो0 सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कविता के अलावा सभी विधाओं को निबन्धा के अंतर्गत शामिल कारते हुए निबन्ध की शैलियों के रूप में व्याख्यायित किया। इस दौरान 50 निबन्धकारों के कथ्य शिल्प पर प्रकाश डाला गया। डा0 शिवकुमार दीक्षित ने कहा कि इस पुस्तक में जिज्ञासु पाठकों के लिए 20वीं सदी के निबन्धों और निबन्धकारों के दुःसाध्य विवेचन को साध्य बनाया है। डा0 लक्ष्मीकांत ने दो खण्डों में विभाजित यह पुस्तक, गध की कसौटी कही जाने वाली विधा को समझने के लिए संदर्भ ग्रंथ की तरह महत्वपूर्ण बताया। डा0 योगेन्द्र प्रताप सिह ने निबन्ध विधा पर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा सृजन और संदर्भ पुस्तक को भविष्यमूलक तथा प्रेरणास्पद बताया तो वहीं डा0 राकेश शुक्ल ने कहा कि समय विशष में रचनारत निबन्धकारों की वैचारिकी को समझने के लिए यह एक महत्वपूर्ण पुस्तक है। कार्यक्रम का संचालन डा0 राधा भारद्वाज व आभार ज्ञापन डा0 मधु श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डा0 खुशबू सिंह व डा0 तरन्नुम सबा द्वारा सम्पादित पुस्तक हिन्दी काव्य का भी विमोचन हुआ। कार्यक्रम में हिमांशु प्रधान, प्रचार्या डा0 गीता अस्थाना, डा0 प्रतिमा गंगवार, महाविधालय की प्राध्यापिकायें, शिक्षणेत्तर कर्मचारी के साथ प्रो0 वन्दना, प्रो0 शिखा श्रीवास्तव, प्रो0 सुधांशु सिंहा आदि उपस्थित रहे।

# आंखें शरीर का विशेष अंग है, इसके बिना दुनियाँ बेरंग है रू राजबहादुर चंदेल

### शिक्षक एमएलसी ने किया निःशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ

उन्नाव। आंखें शरीर का विशेष अंग है, इसके बिना दुनियाँ बेरंग है। संस्था द्वारा निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर एवं ऑपरेशन शिविर को जरूरतमंदों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए राजबहादुर चंदेल ने भारत माता, स्वामी विवेकानंद जी, चंद्रशेखर आजाद जी के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए शहर के मोतीनगर स्थित नन्द प्लाजा पर आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवम ऑपरेशन शिविर पर उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद प्रेषित किया। संस्था के प्रांतीय सदस्य डॉ. प्रभात सिन्हा ने बताया कि मानव नेत्र एक करोड़ से अधिक रंगों में अंतर कर सकता है। नेत्र शरीर की प्रमुख ज्ञानेंद्रिय हैं जिससे रूप–रंग का दर्शन होता है। इस दर्शन को बेहतर ढंग से प्राप्त कराने में बर्रा कानपुर की साईं आई हॉस्पिटल के डॉक्टर्स व सहयोगी टीम की भूमिका प्रशंसनीय है। इसके बाद शाखा सचिव पवन निगम ने बताया निःशुल्क नेत्र परीक्षण व आपरेशन शिविर में ही निरूशुल्क शुगर व बी. पी. की जाँच साईं आई हॉस्पिटल द्वारा कराई गई। जिसके अंतर्गत कुल 137 लोगों ने जांच करवाई। जिसमे शुगर की 65, बी. पी. 49, जबकि नेत्र परीक्षण 122 लोगों ने कराया। जिसमे से 78 लोगों को आपरेशन के लिए चिह्नितकर किया गया है। कार्यक्रम संयोजक आदित्य बाजपेई ने बताया चिह्नित सभी लोगों को 7 फरवरी 2023 को नन्द प्लाजा के पास से बस द्वारा बस से कानपुर ले जाया जाएगा व अगले दिन उनकी वापसी नन्द प्लाजा के निकट स्थित शंकर ट्रेडर्स पर होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के सहयोगी शिवांग मिश्र व आदित्य बाजपेई रहे। आज के शिविर मे नेत्र विशेषज्ञ राम शरण, नेत्र सहायक काजल, जबकि शुगर व बी पी की निःशुल्क जांच के लिए आशीष सिंह, विवेक कुमार व हर्ष कुमार रहे। जबकि इस अवसर पर संस्था की ओर से महिला संयोजक डॉ. शशिरंजना अग्निहोत्री, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. प्रभात सिन्हा, परीक्षित अवस्थी, सचिव पवन निगम, प्रवीण मिश्र भानू, विमल द्विवेदी,आलोक शुक्ला विकास सिन्हा , के .के.श्रीवास्तव ,जिला सह संयोजक पवन निगम, अखिलेश ओमर, नवीन सिन्हा,सतीश सिंह, सुमित श्रीवास्तव, शिवांग मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे। संयोजक आदित्य बाजपेई ने बताया कि आपरेशन हेतु सभी को 7 फरवरी को अपना आधार नंबर व एक मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। भारत विकास परिषद , चंद्र शेखर आजाद शाखा द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवम आपरेशन शिविर में छठी बार कानपुर उन्नाव खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से छठी बार सदस्य विधान परिषद (शिक्षक) निर्वाचित हुए आदरणीय राजबहादुर सिंह चंदेल की विशेष उपस्थिति रही।

जिसमे श्री चंदेल का फूल

## धूमधाम से मनाया मौला अली का जन्मदिन

जौनपुर। नगर के अहियापुर स्थित मौला अली दरगाह सुमार है। हजरत अली इब्ने अब्बू तालिब 13 रजब जन्मदिन महफिल का आयोजन बीती रात धूमधाम से हुआ। दरबार को रंग विरंगी झालरों व गुब्बारों से भव्य सजावट किया गया था उक्त अवशर पर हजारों भक्तों ने दरगाह में उपस्थिति होकर कर पूजा इबादत किया। दरगाह के मुतवल्ली हातिम अली करबलाई ने बताया कि इमामबारगाह अहियापुर में प्रतिदिन हजारों भक्त आते हैं लोहबान लेने के लिए कई जिले से भक्त आते हैं और उनका कष्ट दूर होता है। मुतवल्ली ने बताया कि इमामबारगाह पीठ सैकड़ो वर्ष पुराना है इनकी मान्यता दूर दूर तक फैली है यहां सभी धर्म के लोग बड़ी संख्या में आते हैं और अपनी मुराद पूरी करने के लिए दरगाह में छल्ला रक्षा कलावा बांधकर विनती करते हैं। मौला अली के जन्मदिन पर महफिल कार्यक्रम का आयोजन हुआ व विशाल केक काटकर जन्मदिन मनाया गया व लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति के मुसाहिब हुसैन, सबीउल हसन, जैगम अब्बास,कमर हसनैन पत्रकार दीपक श्रीवास्तव पत्रकार, बच्चा भइया, मेराज अली, , विशाल मौर्य आदि लोग व्यवस्था में लगे रहे।

## ऐश्प्रा के साथ अपने वैलेंटाइन सेलिब्रेशन को बनाएं यादगार

गोरखपुर। फरवरी का महीना प्यार के इजहार, रिश्तों को नई ताजगी देने और अपने आप से प्यार जताने के महीने के रूप में मनाया जाता है। अपने आप को और अपने प्रियजनों को जीवन भर संजोने वाला उपहार देने के लिए, उत्तर भारत की अग्रणी ज्वैलरी चेन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने अपनी नई डायमंड ज्वैलरी रेंज, ष्इनफिनिट लव–फॉरएवर एंड बियॉन्डष के लॉन्च की घोषणा की है। ष्इनफिनिट लव–फॉरएवर एंड बियॉन्डष एक लिमिटेड एडिशन रेंज है, जो बेहद बारीकी के साथ तैयार किया गया हल्के वजन का डायमंड ज्वेलरी कलेक्शन है। इसमें बेहद खूबसूरत अंगूठियों, झुमके, हार सेट, चेन सेट, हीरे के ब्रेसलेट और मंगलसूत्र का बेहतरीन कलेक्शन है। इस कलेक्शन में से चुना गया हर ज्वेलरी पीस अपने प्यार को जताने के लिए सर्वोत्तम विकल्प है। ध्20,000 की आकर्षक कीमत से शुरू होने वाली, ष्इनफिनिट लव–फॉरएवर एंड बियॉन्डष ज्वैलरी रेंज की कीमत भी काफी वाजिब है ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर वैभव सराफ ने बताया, ष्कुछ अवसरों पर ऐसे उपहारों की आवश्यकता होती है, जो आपकी मधुर स्मृतियों को हमेशा के लिए संजो सकें और रिश्तों को नया आयाम दे सकें। इस कलेक्शन के साथ हम रिशरों के अटूट बंधन को सेलिब्रेट कर रहे हैं। इनमें बॉयफ्रेंड– गर्लफ्रेंड, पति–पत्नी ही नहीं बल्कि पिता–बेटी के रिश्ते या मां–बेटीध्बेटे के रिश्ते, सबसे अच्छे दोस्त जैसा कोई भी रिश्ता हो सकता है। ष

## अधिकारों के लिए कानूनी प्रक्रिया की जानकारी जरूरीरू रामकृपाल

गोरखपुर। महिलाएं आज अपने अधिकारों व सरकारी योजनाओं व सुविधाओं को लेकर काफी जागरूक है। वह अपने अधिकारों व सरकारी योजनाओं व सेवाओं की पैरोकारी के साथ बेहतर गुणवत्ता की मांग भी करती चली आ रही है। जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि वह



अपने अधिकारों को लेकर कितनी जागरुक है। ऐसे में यदि उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा या उनके अधिकारों का हनन हो रहा है तो व कानूनी प्रकिया भी अपना सकती है इसके उन्हें इसकी पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। उक्त बातें अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकृपाल ने बाबा रामकरन दास ग्रामीण विकास समिति के तत्वाधान में जंगल कौड़िया क्षेत्र के एन सिंह सीनियर सकेंड्ररी स्कूल बलुआ में आयोजित विधिक जागरुकता कार्यक्रम में कही। अवधेश कुमार ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरुक करने के साथ–साथ गरीबी उन्मूलन करना भी है। सूर्यप्रकाश लायंस क्लब गोरखपुर ने बताया उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा कार्यक्रम से होने वाले बदलाव के बारे में बताते हुए महिलाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही मातृत्व स्वास्थ्य व च्डश्र।ल प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुडी सेवाओं से भली भांति परिचित हो गई हैं और अपने अधिकारों को पहचानने लगी हैं आयुष्मान भारत पर जानकारी हासिल करने के बाद महिलाएं स्वयं एवं अपने परिवार के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ ले सकी हैं द्य इस दौरान बसंत श्रीवास्तव, प्रबंधक राणा प्रताप सिंह, परामर्शदाता रामानन्द, सहायक अध्यापक मीना शाह ने भी संबोधित किया। अंत में शांति भवानी ने सभी लोगो को धन्यबाद देकर समापन किया कार्यकम में शिला, प्रतिभा, अंजली, रूबी, भारती सहित आदि मौजूद रहे।

## उसका सीएचसी पर मनाया गया कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका बाजार




में कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम गया जिसमे 12 नवजात जन्मी बालिकाओं के माताओं को साल मिष्ठान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही रहे विधायक द्वारा नव जन्मी बालिकाओं की माताओं को प्रशस्ति पत्र और शाल देकर सम्मानित किए और कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी भी दिए अधीक्षक एसके पटेल ने विधायक श्याम धनी राही को बुक देकर सम्मानित किए कार्यक्रम में बच्चों के स्वस्थ जीवन के बारे में जानकारी दी गई। रीमा पत्नी हरि गोविंद,रोशनी पत्नी छोटे लाल, जानकी पत्नी शिवचरन आदि लोगो को किया गया सम्मानित। कल्याण विभाग विवेक कुमार मालवीय, संरक्षण अधिकारी संजू देवी,सद्दाम हुसैन, मनीष पांडेय,कृष्ण मोहन पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# डॉक्टर प्रेमचंद सिंह का हुआ सम्मान

कुशीनगर। जनपद के पड़रौना नगर स्थित उदित नारायण महाविद्यालय के सभागार में हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रेम चंद्र सिंह का सम्मान विमर्श साहित्यिक संस्था पडरौना द्वारा किया गया। विमर्श की 45वीं मासिक काव्य गोष्ठी में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा रामविलास शर्मा सर्जना पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर प्रेमचंद सिंह को प्रशस्ति पत्र तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार कवि एवं शिक्षक ओम प्रकाश द्विवेदी ओम ने किया, जबकि संचालन विमर्श साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष आर के भट्ट ष्बावराष ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना कवि आकाश महेश पुरी ने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कवि शंभू कुशवाहा ष्सजलष के द्वारा शानदार रचना पाठ किया गया। फिर बलराम राय, विमर्श साहित्यिक संस्था के सचिव जय कृष्ण शुक्ला, नूरुद्दीन नूर, जगदीश खेतान, डॉक्टर संजय मिश्रा, रेणुका चौहान, संतोष संगम, राघव शरण मिश्र, दीपक मिश्रा, राम नरेश शर्मा शिक्षक, आर के भट्ट ष्बावराष अच्युत अनंतराव ने अपनी शानदार प्रतिनिधि रचनाओं को सुना कर खूब तालियां बटोरी। कवित्री डॉक्टर दिव्या शुक्ला की स्त्री विमर्श एवं मां होने का एहसास विषय पर पढ़ी गई। कविता को विशेष सराहना मिली। महा विद्यालय के शिक्षक डॉक्टर ऐश्वर्या पाठक ने गीत एवं डॉक्टर नरोत्तम त्रिपाठी ने श्लोक, एवं विद्यालय की छात्रा श्वेता सिंह के गीत की मनमोहक प्रस्तुति ने भी विशेष आकर्षण बटोरा। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि रेडियो प्रज्ञा के प्रबंध निदेशक परशुराम श्रीवास्तव, उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ रामनरेश दुबे, डॉक्टर दिव्या शुक्ला और सेवानिवृत्त शिक्षक भोजपुरी के वरिष्ठ कवि मधुसूदन पांडे, समाजसेवी ज्ञानवर्धक गोविंदराव, वरिष्ठ पत्रकार डीके पांडे उपस्थित रहे। इस अवसर पर पत्रकार आदित्य दीक्षित, खुर्शेद आलम सहित विद्यालय के एनएसएस के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के एन एस एस के विद्यार्थियों का विशेष सराहनीय योगदान रहा। अंत में विद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने सभी आगंतुक अतिथियों एवं कवियों का आभार ज्ञापन किया।

अपने संबोधन में डॉक्टर प्रेम चंद्र सिंह ने विमर्श साहित्यिक संस्था के प्रति अपना प्यार और आशीर्वाद व्यक्त किया और साहित्य के क्षेत्र में जनपद में चल रही गतिविधियों पर अपना संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समीक्षक तथा हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ रामनरेश दुबे ने कवियों द्वारा प्रस्तुत कविताओं पर अपना समीक्षात्मक वक्तव्य प्रस्तुत किया।

## सगे भाई ने लगाया सगे भाई पर मां की हत्या का आरोप

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बृजमनगंज,महाराजगंज। (लेहरा स्टेशन)–जनपद महाराजगंज के ग्राम सभा बरगाहपुर के टोला शिवजोत में एक बड़े भाई महेंद्र कुमार ने अपने दूसरे छोटे भाई विनोद कुमार पर मां श्री पाती देवी की हत्या का आरोप लगाते हुए आवेदन पत्र लिखा बताते चलें कि ग्रामसभा बरगाहपुर के टोला शिवबरनजोत में अनुसूचित जाति की महिला जिसके दो पुत्र महेंद्र और विनोद भारती दोनों अलग–अलग रहते हैं जिसमें माता की दोनों ने बारी–बारी से प्रताड़ना की और उसे घर से बाहर निकाल दिया लोगों ने ऐसा बताया कि बारी–बारी से दोनों ने प्रताड़ित किया था जिससे वह लगभग कुछ महीनों से वृद्धा लेहरा स्टेशन पर चुरा मशीन के बगल में टीन शेड में रहती थी। आवेदन में महेंद्र कुमार ने लिखा कि उसकी माता जी 3 तारीख से लापता थी जिससे बहुत खोजबीन की गई और खोजबीन करने पर उनकी लाश रेलवे ट्रैक के पास मिली सूचना मिलते ही महेंद्र कुमार



ने अपने मां श्री पाती देवी के पास पहुंचकर शिनाख्त की और फिर आवेदन देकर अपने भाई विनोद कुमार भारती को प्रशासन के द्वारा कार्यवाही करने की मांग करते हुए आवेदन पत्र लिखा। खबर प्रकाशित होने तक जानकारी मिली की लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है इस दौरान जब मीडिया कर्मी ने बयान लिया तो उनके छोटे भाई विनोद कुमार की पत्नी निर्मला देवी ने बताया कि उनको कोई जानकारी नहीं है कि वह कहां गई थी और उनका मृत शरीर कहां पाया गया और उन्होंने यह भी कहा कि आज हमें सुबह में यह जानकारी मिली है कि मेरी सासू मां श्री पाती देवि का हत्या हो गया इसके पहले उन्होंने यह पूछने पर बताया कि इसकी कोई भी जानकारी उन्हें नहीं है उन्होंने यह भी कहा कि उनके पति विनोद भारती को लोग हत्या के आरोप में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं जिससे बृजमनगंज थाने के टीम ने विनोद कुमार भारती को गिरफ्तार करके थाने पर बैठाया है और इन सबके बीच मृत महिला की एक नातिन ने भी पुलिस प्रशासन को मीडिया कर्मियों के द्वारा यह सूचित करते हुए कहा कि अपराधियों पर उचित कार्यवाही की जाए और उन्हें दंड दिया जाए इस मामले में थाना अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नामजद मुकदमा मृत महिला के बड़े पुत्र महेंद्र ने दिया है और उसने अपने छोटे भाई विनोद पर मां की हत्या का आरोप लगाया लेकिन लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है जैसे ही पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आती है उचित कार्यवाही की जाएगी।

## मिठाई दुकानदार उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

कुशीनगर। जनपद के कसया बाजार सहित आस–पास के क्षेत्रों में मिठाई दुकानदारों द्वारा नियमो की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। ऐसे में विक्रेता 15 से 20 दिन पुरानी, एक्सपाइरी मिठाई भी बेच रहे हैं। जबकि खाद्य विभाग द्वारा जारी की गई गाइड लाइन के मुताबिक शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हलवाई की दुकानों पर ट्रे में रखकर खुले में बेचे जाने वाली मिठाई पर भी उसके निर्माण की तिथि और वैधता दर्शानी होगी।

लेकिन ऐसा हो नहीं रहा। जिससे ग्रहक जहरीली मिठाई खरीदने व खाने के लिए मजबूर है। काविलेगौर हो कि बाजार सहित आस–पास क्षेत्रो में किसी भी हलवाई की दुकान पर नियमों का पालन नहीं हो रहा। वैधता खत्म हो जाने वाली मिठाइयों को भी आसानी से बेचा जा रहा है। वही विभागीय स्तर पर इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। चर्चा है कि विभाग की मिली भगत के चलते यह दुकानदार बिना किसी भय के काउंटर में रख मिठाई बेचते है। जानकारी के अभाव में लोग अंधाधुंध तरीके से मिठाइयों की खरीदारी कर रहे हैं। कई दिन पहले वैधता खत्म हो जानी वाली मिठाई को भी ग्राहक खरीद रहे है। खास बात यह है कि ऐसी मिठाइयों के खाने पर भी उनके खराब होने का पता नहीं चल पाता है लेकिन खा लेने के बाद ऐसी मिठाइयां लोगों की सेहत पर भारी पड़ती हैं। बाजारों में चर्चा यह भी है कि हर दुकानदार से विभाग का महीना बधा हुआ है। जिसके चलते दुकानदारों पर कार्यवाई नही हो पाती है।

क्या है नियम– भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण द्वारा एक अक्टूबर 2020 से देशभर में दूध से बने खाद्य पदार्थों और खुली मिठाइयों को दुकान में सजाने से पूर्व ही उस पर निर्माण की तारीख और उपयोग की अवधि लिखनी होगी। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नियम के तहत इसमें दो लाख रुपये तक के जुर्माना का प्रावधान है। नियम के मुताबिक मिठाइयों की वैधता कितने दिन की है। जिसमें लड्डू, खोया से निर्मित समस्त मिठाइयां, मिल्क केक, पेड़ा, बर्फी, मिल्क बर्फी, पिस्ता, बर्फी, कोकोनेट बर्फी, चॉकलेट बर्फी, बूंदी के लड्डू की वैधता बनने के बाद केवल तीन दिनों की है। बेसन लड्डू, चना लड्डू, अंजीर, खजूर बर्फी, कचरी हलवा, सोहन हलवा, गजक आदि की वैधता निर्माण के बाद तीस दिन की है। घेवर, मूंग बर्फी, गुझिया आदि की वैधता निर्माण के बाद सात दिनों की होती है। वही बादाम मिल्क, रसगुल्ला, रस मलाई, रबड़ी, चमचम आदि वैधता दो दिनों की है।

## आबादी के बीच कूड़ाघर, विरोध में उतरे ग्रामीण

### प्रधान प्रतिनिधि अपनी मनमर्जी पर उतारू, आबादी से दूर कूड़ाघर बनवाने की मांग







दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। शहरों की तर्ज पर गांव भी साफ और स्वच्छ रहें इसके लिए सरकार ने गांव– गांव में कूड़ा घर बनवाने की योजना तैयार की है। इसी के तहत खजनी तहसील के हरिहरपुर गांव के पाठकपुरा टोले में आबादी के बीच मे सरकारी कूड़ा घर बनाया जा रहा है। जिसका विरोध जताते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपाकर कूड़ा घर को किसी अन्य स्थान पर आबादी से दूर बनवाने की मांग की है। ग्रामीण अरविंद पाठक ने बताया कि टोले में आबादी के बीच में ग्राम पंचायत की जमीन है। जिस पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा सरकारी कूड़ा घर बनवाया जा रहा है। जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद प्रधान प्रतिनिधि अपने मनमर्जी पर उतारू हैं। उन्होंने एसडीएम से आबादी के बीच बनने वाले कूड़ेघर को रूकवाने तथा किसी अन्य स्थान पर कूड़ा घर बनवाने की मांग की है। ग्रामीण संतोष पाठक ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि ने ग्रामीणों से कहा कि आबादी के बीच में आंगनवाड़ी केंद्र बनाया जा रहा है। जब निर्माण शुरू हो गया तो पता चला कि यह आंगनवाड़ी केंद्र नहीं बल्कि कूड़ा घर बनवाया जा रहा है। इसके बाद से ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। विरोध के बावजूद प्रधान प्रतिनिधि अपनी मनमानी पर उतारू हैं। फैल सकता है संक्रमण कूड़ा घर से महज 100 मीटर की दूरी पर ग्रामीणों के मकान बने हुए हैं। कूड़ा घर बनने से संक्रमण की बीमारी फैल सकती है। इसका असर हमारी आने वाली पीढ़ी पर दिखेगा। कूड़ाघर से दुर्गंध भी फैलेगा।

## केन्फॉउंट एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

फरेंदा,महराजगंज। कोल्हुई थाना क्षेत्र में स्थित केनफाउंट एकेडमी रूद्रपुर शिवनाथ में डायरेक्टर अजय कुमार रामचंद्रन व प्रिंसिपल प्रिया





पीएन के नेतृत्व में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसडीएम नौतनवा दिनेश मिश्र व विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष कोल्हुई महेन्द्र यादव रहे। उपजिलाधिकारी नौतनवां ने स्कूली बच्चो द्वारा निर्मित विभिन्न प्रोजेक्ट को बारिकियों से देख कर बच्चों का सराहना किया गया। इस सम्बन्ध में एसडीएम ने बताया की स्कूली बच्चों द्वारा बेहतर विज्ञान प्रदर्शन किया गया सभी बच्चे बेहतर तरीके से प्रजेंट किया सब बधाई के पात्र है। वही डायरेक्टर ने बताया की बच्चों को हमारे विधालय में अच्छी शिक्षा देने का पुरा प्रयास किया जा रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आगे बड़ सके। वही अभिभावक ने बताया की इस स्कूल में जो विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों ने किया है वह बहुत ही अच्छा था हम स्कूल का आभार व्यक्त करते है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अमित त्रिपाठी ,राहुल त्रिपाठी, अनिल मिश्र, बन्टी उपाध्याय, मानस उपाध्याय उपनिरीक्षक संदीप यादव, का0 विशाल, रत्नेश कुमार, सहित समस्त शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

## सभी के समन्वित प्रयास से ही बनेगा निपुण विद्यालयः ए आर पी प्रमोद त्रिपाठी

### निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षक संकुल मासिक बैठक का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। निपुण भारत मिशन के तहत विकास खण्ड जोगिया के न्याय पंचायत पटखौली में शिक्षक संकुल बैठक हुआ। जिसमे



एआरपी प्रमोद त्रिपाठी व देवेन्द्र त्रिपाठी द्वारा निपुण विद्यालय बनाने हेतु आवश्यक बिंदु एवम प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्योजना पर चर्चा की गई। निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा एक से तीन तक के बच्चो को निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर उन्हे भाषा व गणितीय दक्षता प्राप्त कर निपुण करना है। जिसमे शिक्षक संकुल को जुलाई 2023 तक अपने विद्यालय को निपुण करना है। आज की बैठक में प्रत्येक संकुल द्वारा आवंटित सत्रों पर चर्चा की गई जिसमे विद्यालय संबंधित चुनौतियों एवम समाधान पर चर्चा, पिछले संकुल बैठक के निर्णयों पर चर्चा एवम समीक्षा, अकादमिक प्रयासों पर चर्चा, शिक्षण योजना का निर्माण व पठन, आदि पर चर्चा की गई। बैठक में नोडल संकुल उत्कर्ष श्रीवास्तव ,संकुल वंदना त्रिपाठी, नीतू वर्मा, अवधेश अग्रहरी, राजेश यादव व अमरदीप गौतम रवि चौरसिया, संध्या यादव,रमेश चंद सरोज, अब्दुल रहमान, बलिराम सहित अन्य प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# जिला न्यायालय का निर्माण होगा शीघ्रः बृजेश पाठक





■ अधिवक्ता कूपन की धनराशि वापस करे सरकारः श्रीनाथ त्रिपाठी
■ बार बेंच में सामंजस्य जरूरीः जिला जज
■ राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में सोनभद्र बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का शपथग्रहण कार्यक्रम संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में सोमवार को आयोजित शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री वृजेश पाठक ने कहा कि शीघ्र ही जिला न्यायालय भवन एवं अधिवक्ताओं के चौंबर निर्माण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के मुफ्त इलाज के लिए जिला अस्पताल से लेकर प्रदेश भर के अस्पतालों में सुविधा मुहैया कराई जाएगी। कहा कि जिला न्यायालय भवन निर्माण समेत सोनभद्र जिले की विभिन्न समस्याओं के बाबत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं संबंधित विभाग के सचिव से विचार कर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विशिष्ट अतिथि आल इंडिया बार काउंसिल सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी ने कहा कि अब तक सरकारों ने सिर्फ अधिवक्ताओं के साथ छल किया है। क्योंकि अधिवक्ता कूपन के माध्यम से प्रतिदिन अधिवक्ता सरकार को बड़ा राजस्व देता है, लेकिन उस धन के लिए भी अधिवक्ता मोहताज है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें सरकार कुछ न दे सिर्फ मेरे अधिवक्ता कूपन का जो सरकार के पास राजस्व पड़ा है वहीं वापस कर दिया जाए तो बहुत काफी हद तक अधिक्ताओं को राहत मिल जाएगी। विशिष्ट अतिथि जिला जज अशोक कुमार यादव ने कहा कि बार एसोसिएशन के शपथग्रहण समारोह में पहली बार डिप्टी सीएम आए हैं यह बहुत ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि सबसे बड़ी समस्या जिला न्यायालय के भवन निर्माण एवं वकीलों के बैठने के लिए चौंबर निर्माण की है जिसे डिप्टी सीएम ने गंभीरता से लेते हुए भवन निर्माण कराए जाने का भरोसा दिलाया है। यह शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि जब तक अधिवक्ता खुद की परेशानी से जूझता रहेगा तो वह वादकारी के मुकदमे की पैरवी सही तरीके से नहीं कर पाएगा। इसलिए बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से पूर्व की भांति बार–बेंच का संबंध बनाए रखने की अपेक्षा करता हूं। विशिष्ट अतिथि यूपी बार काउंसिल सदस्य राकेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि यूपी बार काउंसिल सदस्य विनोद पांडेय ने भी अपना विचार व्यक्त किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक ने अपने मांगों का ज्ञापन डिप्टी सीएम को सौंपा। जिसमें जिला न्यायालय के भवन निर्माण, अधिवक्ता चौंबर निर्माण, वकीलों को आयुष्मान योजना से जोड़े जाने, 10 लाख रूपये के स्वास्थ्य बीमा, वकीलों के खाते में 5 लाख रूपये दिलाए जाने की मांग शामिल है। इसके पूर्व मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्कूली बच्चियों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक को शपथ दिलाई। उसके बाद विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी ने अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ दिलाई। मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया। अंत में अध्यक्षता कर रहे निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

कार्यक्रम का सफल संचालन रामचंद्र मिश्र ने किया। उक्त मौके पर जिला जज मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सोनभद्र संजय हरि शुक्ला, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय संजीव कुमार त्यागी, विशेष न्यायाधीश एससीध्एसटी एहसानुल्लाह खान, एडीजे सत्यजीत पाठक, एडीजे आशुतोष कुमार सिंह, सीजेएम सूरज कुमार मिश्र, प्राचार्य डाक्टर गोपाल सिंह, एल्डर कमेटी अध्यक्ष कृपा नारायण मिश्र, सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सीपी द्विवेदी,विनोद चौबे, राजबली चौबे, भोला सिंह यादव, मार्तंड प्रसाद मिश्र, बी सिंह, प्रभाकर राम पाठक, रमेश राम पाठक, रमेश चंद्र मिश्र, राकेश शरण मिश्र, चंद्रपाल शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### इन्हें दिलाई गई शपथ,दिया गया प्रमाण पत्र

सोनभद्र। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक को शपथ दिलाई। वहीं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी ने महामंत्री आनंद कुमार मिश्रा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर तेजामणि पांडेय व दीपक कुमार केशरी, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे गिराजाशंकर दुबे उर्फ अनिल कुमार द्विवेदी व प्रदीप कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव प्रशासन गीता गौर, संयुक्त सचिव प्रकाशन शादाब आलम, संयुक्त सचिव पुस्तकालय रितेश कुमार मिश्र, कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ मानिंद त्रिपाठी, सुशील कुमार चौबे, महेंद्र प्रताप सिंह, गोविंद प्रसाद मिश्र, सुनील कुमार व दिनेश धर दुबे, कार्यकारिणी सदस्य कनिष्ठ अखिलेश कुमार मिश्र, रमाशंकर चौधरी, कपिल कुमार, आशुतोष पाठक, संजय कुमार पांडेय व अखिलेश कुमार मिश्र को शपथ दिलाई। जबकि मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह ने सभी को प्रमाण पत्र दिया।

## कॉलेज जा रही छाताओं को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत, दूसरे का इलाज जारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा,सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के बगैया, खैरपुर निवासी सरिता (18) वर्ष पुत्री रामलाल अपने चचेरी बहन कविता (18) वर्ष पुत्री राजेन्द्र कुमार के साथ वी ए सेकेंडीयर की पढ़ाई करने राम मनोहर डिग्री कॉलेज भरूहा। साइकिल से जा रही रही थी। अचानक जैसे भरूहा माइनर पहुँची तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केकाराही भेजवाया जहाँ प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया गया। बताया गया कि सरीता को गम्भीर चोटे आने के कारण ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा रहा था परंतु रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की खबर लगते ही घरों में कोहराम मच गया। चर्चा की मानें तो ट्रक पकड़ ली गई है।



## आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ विदाई समारोह





■ जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों को दी विदाई
■ यूपी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र छात्राओं को दी गई विदाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बर्डपुर,सिद्धार्थनगर। आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में शुक्रवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित हुआ। जिसमें कक्षा नौवीं एवं 11वीं के जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर 12वीं के छात्र–छात्राओं को विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर प्रारंभ हुआ तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या राजकुमारी पाण्डेय ने कहा कि सभी बच्चे परीक्षा में अच्छे परिणाम लाकर अपने भविष्य को उज्जवल करें तथा विद्यालय का नाम रोशन करें। मेहनत और बेहतर परिणाम ही आपका भविष्य तय करेगा। जीवन में हमेशा आगे बढ़ने का प्रयास करें। विदाई समारोह में 11वीं के छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति की। इस दौरान मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नौगढ़ राजेश मिश्रा ने यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में विद्यालय से सम्मिलित होने वाले छात्र छात्राओं को बेहतर अंको से उत्तीर्ण होकर अपने गुरुजनों एवं अभिभावकों का नाम रोशन करने की शुभकामना दी।कार्यक्रम में प्रबंधक मुक्ति नारायण पाण्डेय ने कहा की सभी बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। बिना लक्ष्य निर्धारण के पूर्ण सफलता मिलना बहुत मुश्किल होता है। संचालक नितेश पाण्डेय सहित विवेक गोस्वामी, संतोष उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों को शुभकामना दिया। इस दौरान विनय कुमार वर्मा ,संतोष यादव, उमेश यादव ,कलीम अंसारी, अफजल हुसैन, बृजेंद्र बिष्ट, रुचि उपाध्याय, महिमा पाण्डेय, नेहा, प्रियांशी जयसवाल, वंशिका राव, शिवांगी मिश्रा, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।


बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा



9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com



इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |


राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश


| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

## ई.ओ.नवीन सिंह ने कूड़ा वाहनों को दिखाई हरी झंडी

■ डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए ईओ नवीन कुमार सिंह ने दस्तक अभियान के तहत कचरा उठाने वाली वाहनों को दिखाई हरी झंडी
■ नगरवासियों में जनजागरूकता के लिए प्रचार वाहनों के साथ पम्पलेट का लिया जाएगा सहारा- ईओ नवीन कुमार सिंह



दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में नागरिकों के घरों से डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन किये जाने हेतु कूड़ा गाड़ियों को अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने हरी झण्डी दिखा कर सभी वाहनों को नगर पंचायत कार्यालय से रवाना किया। उन्होंने कहा कि नगर के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु माह जनवरी 2023 से 100 दिवसीय उत्तर प्रदेश वैश्विक नगर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत माह फरवरी 2023 से 10 तक डोर टू डोर अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के द्वारा राज्य के नगरों को गुड टू ग्रेट बनाने का तत्पर प्रयास किया जा रहा है। समस्त नागरिकों से सदैव सहयोग प्रदान करने की अपील की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से पूर्णतया डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन सुनिश्चित कराने हेतु "10 तक" "डोर टू डोर" अभियान दिनांक 01 फरवरी से 31 मार्च 2023 तक प्रार्थना, समझाना और दण्ड विधान यानी 03 चरणों मे चलाया जाना है। जिससे शोहरतगढ़ नगर पंचायत को वैश्विक मापदंडों पर भी श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया जा सके। साथ ही कहा कि नगरवासियों में जनजागरूकता के लिए प्रचार वाहनों के साथ पम्पलेट का भी सहारा लिया जाएगा, जिससे स्वच्छ शोहरतगढ़ का सपना साकार किया जा सके। इस दौरान अवर अभियन्ता अश्वनी गुप्ता, लिपिक राजेश त्रिपाठी, कमलेश गुप्ता, श्रीनिवास, ब्रह्मदेव कसौधन, सूरज निगम, धीरेन्द्र तिवारी, मुकेश गौड़, मनोज आदि उपस्थित रहें।

## पीएचसी बाजार में एलोपैथिक आयुर्वेदिक होम्योपैथिक विधि द्वारा इलाज किया गया



दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। रविवार को पी०एच०सी० मिठवल बाजार में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया साथ ही कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक किया गया मेले में एलोपैथिक आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक विधि से लोगों के रोग का इलाज किया गया मेले में लोगों के खून की भी जांच की गई जिसमें 9 लोगों का खून की जांच किया गया और 4 लोगों को मधुमेह की रोगी पाए गए, मेले में गर्भवती महिलाओं की भी जांच किया गया इस दौरान डॉ रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मेले में आए हुए एलोपैथिक आयुर्वेदिक होम्योपैथिक इलाज किया गया और उनको दवा भी दिया गया मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मुख्य रूप से डॉक्टर प्रमोद कुमार डॉ रवि शंकर त्रिपाठी डॉ अवधेश रावत जगदीश प्रजापति राजेंद्र मणि त्रिपाठी उमेश धर द्विवेदी केके मिश्रा चंद्र रेखा चौधरी अभिषेक भानु प्रताप आज तमाम लोग मौजूद रहे।

# इन 5 ओवरनाइट फेस मास्क को घर पर बनाकर करें इस्तेमाल, त्वचा रहेगी हाइड्रेटेड



ओवरनाइट फेस मास्क ऐसे मास्क होते हैं, जिन्हें सोने से ठीक पहले लगाया जाता है और उठने के बाद धोया जाता है। इन्हें स्लीपिंग मास्क भी कहते हैं। इस तरह के फेस मास्क का इस्तेमाल करने से त्वचा में हाइड्रेशन को बढ़ावा देने, पौष्टिक तत्वों की मौजूदगी बढ़ाने और त्वचा की देखभाल करने में मदद मिलती है। आइए आज हम आपको घर पर ओवरनाइट फेस मास्क बनाने का तरीका और इसके इस्तेमाल से होने वाले फायदे बताते हैं।

नारियल तेल से बना फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीकारू सबसे पहले अपनी पसंदीदा नाइट क्रीम में एक चम्मच एक्सट्रा नारियल तेल या कोल्ड–प्रेस्ड नारियल तेल मिलाएं। अब थोड़ी क्रीम लें और फिर इसे अपने चेहरे पर मसाज करें। याद रखें कि इसे लगाने के बाद अगली सुबह ही धोना है। फायदेरू नारियल का तेल आपकी त्वचा के रूखेपन, सूजन, जलन और सूरज की हानिकारक पराबैंगनी (यूवी) किरणों से होने वाली समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मददगार है।

तरबूज का स्लीपिंग मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीकारू इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कप तरबूज के टुकड़ें (लाल गूदा) को कद्दूकस कर लें और फिर इसका रस छान लें। अब कॉटन बॉल का इस्तेमाल करके तरबूज के रस को अपने चेहरे पर लगाएं और सोने से पहले इसे सूखा लें। फायदेरू तरबूज काफी रसीला फल होता है। ऐसे में यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखने और इसे निखारने में मदद करता है।

हल्दी और दूध का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीकारू सबसे पहले एक चम्मच कच्चे दूध में आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं। अब कॉटन बॉल की मदद से इसे टोनर के जैसे अपने चेहरे पर लगा लें। फायदेरू हल्दी का दूध कई स्वास्थ्य समस्याओं के लिए आयुर्वेदिक उपाय है। इसमें एंटी–माइक्रोबियल, एंटी–ऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो स्वास्थ्य समस्याओं से निजात दिलाने के अलावा मुहांसों और फोटोएजिंग को कम करने में मदद करता है।

खीरे का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीकारू सबसे पहले आधे खीरे का रस निकाल लें और फिर कॉटन बॉल की मदद से इसे अपने पूरे चेहरे पर अच्छे से लगा लें। फायदेरू खीरा आपके शरीर के लिए तो अच्छा है ही, लेकिन यह त्वचा को हाइड्रेट रखने और चमकदार बनाने में भी काफी प्रभावी है। साथ ही इसके जूस से त्वचा को ठंडक मिलती है, जिससे सनबर्न की समस्या से राहत मिलती है।

एलोवेरा और विटामिन– ई का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीकारू सबसे पहले विटामिन– ई कैप्सूल से इसका तेल निकाल लें और फिर इसे एलोवेरा जेल के साथ मिला लें। अब इसे अपने चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगाएं। फायदेरू एलोवेरा में अमीनो एसिड, सैलिसिलिक एसिड, लिग्निन और एंजाइम के साथ विटामिन ए, सी और ई जैसे एंटी–ऑक्सीडेंट होते हैं। इस वजह से इसका इस्तेमाल करने से त्वचा की सूजन कम होती है और यह त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों के दुष्प्रभाव से बचाता है।

## दलजीत कौर को फिर मिला प्यार, मार्च में होगी शादी

बिग बॉस के कंटेस्टेंट शालिन भनोट की एक्स वाइफ दलजीत कौर ने हाल ही में ब्रिटेन में जन्मे निखिल पटेल से सगाई की,



जो एक फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं। इस कपल ने नेपाल में सगाई की और इस मार्च शादी करने वाले हैं। निखिल से शादी के बाद दलजीत अपने बेटे जेडन के साथ लंदन चली जाएंगी। कुलवधु की एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि कैसे वह और निखिल दुबई में एक कॉमन फ्रेंड की पार्टी में मिले और बच्चों के प्यार के कारण एक–दूसरे से जुड़ गए। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने निखिल के पैर की उंगलियों पर ब्लू कलर का नेल पेंट देखा। जब उन्होंने उनसे इस बारे में पूछा, तो उन्होंने जवाब दियारू मैं दो बेटियों का प्राउड डैड हूं। दलजीत ने कहा, यह सिर्फ दो सिंगल पैरेंट्स की चौटिंग थी। प्यार समय के साथ हुआ। यह हमारे बच्चों के लिए हमारा प्यार था, जिसने हमें जोड़ा। उन्होंने कहा कि जहां निखिल की छोटी बेटी अनिका अपनी मां के साथ यू.एस. में रहती है, वहीं बड़ी बेटी अरियाना हमारे साथ रहेगी।






## गर्व है मुझे लोग असली नाम के बजाय अनुपमा बुलाते है : रूपाली गांगुली



लोकप्रिय टीवी शो अनुपमा में लीड रोल निभा रही एक्ट्रेस रूपाली गांगुली को इस बात का गर्व है कि लोग उन्हें असली नाम के बजाय उनके किरदार के नाम से बुलाते हैं। यह शो 2020 में शुरू हुआ था और सप्ताह दर सप्ताह टॉप टीआरपी रेटिंग हासिल करता जा रहा है।

इस सफलता को लेकर टीम जश्न मना रही है। शो के बारे में बात करते हुए रुपाली ने कहा, राजन शाही, आप एक जादूगर हैं, इसके लिए आपकी सदा आभारी हूं और हम जो हैं, उसे बनाने के लिए स्टार प्लस को ध न्यवाद। हम जहां भी जाते हैं, मुझे खुशी होती है कि लोग मुझे रूपाली के बजाय अनुपमा कहते हैं, मुझे गर्व महसूस होता है।

मैं अगले दिन काम पर वापस आने के लिए बहुत उत्साहित रहती हूं और मुझे आशा है कि यह उत्साह जारी रहेगा। हम चलते रहेंगे। उन्होंने कहारू मैंने 2016 में अपने पिता को खो दिया था, लेकिन जब मैं सेट पर चलती हूं तो मुझे उनकी उपस्थिति महसूस होती है। यह मेरा घर है और मैं सेट पर कम से कम 12 घंटे बिताती हूं और मुझे हर दिन यहां रहना पसंद है। आप में से हर एक का धन्यवाद। अनुपमा स्टार प्लस पर एक भारतीय हिंदी भाषा की टीवी ड्रामा सीरीज है। निर्देशक कुट प्रोडक्शंस के बैनर तले राजन शाही और दीपा शाही द्वारा निर्मित है। यह शो स्टार प्लस पर टेलीकास्ट होता है।


## धांसू है थलापति विजय की 67वीं फिल्म का टीजर, इसी साल होगा धमाका !!



कॉलीवुड सुपरस्टार थलापति विजय की अपकमिंग फिल्म को लेकर कई दिनों से बज है। विक्रम निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ आने वाली थलापति विजय की फिल्म को लेकर काफी दिलचस्प जानकारियां सामने आ रही हैं। हाल ही में मेकर्स ने इस फिल्म की धमाकेदार स्टारकास्ट का ऐलान किया था। इसके बाद निर्देशक ने फिल्म के नाम का खुलासा करने का ऐलान किया। अब अपने वादे को पूरा करते हुए निर्देशक लोकेश कनगराज ने थलापति विजय की 67वीं फिल्म के नाम का खुलासा कर दिया। मेकर्स ने एक ध माकेदार वीडियो जारी करते हुए फिल्म के नाम का ऐलान किया है। इस फिल्म का नाम लियो रखा गया है। इतना ही नहीं, थलापति विजय की फिल्म लियो का टीजर वीडियो दिखाते हुए निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट भी फैंस को बता दी है।

दिलचस्प बात ये है कि विक्रम और मास्टर निर्देशक लोकेश कनगराज की इस फिल्म के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार भी नहीं करना होगा। ये फिल्म इसी साल 19 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघर पहुंचने वाली है। इतना ही नहीं, ये मास्टर और विक्रम की तर्ज पर ही पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। जाहिर है कि मास्टर और विक्रम के दीवाने फैंस निर्देशक लोकेश कनगराज की इस फिल्म को लेकर भी एक्साइटेड होंगे। थलापति विजय की इस फिल्म के इस टीजर वीडियो के जारी होते ही मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। जिसके लिए फिल्म की टीम कश्मीर शिड्यूल के लिए निकल चुकी है। मेकर्स ने खुद इस बात का ऐलान इस धमाकेदार वीडियो के साथ किया था।

## मेडिटेशन से जुड़े ये भ्रम नही हैं सच, जानिए इनकी हकीकत



मेडिटेशन यानि ध्यान लगाने से न सिर्फ शारीरिक बल्कि कई तरह के मानसिक लाभ भी मिल सकते हैं। यहीं कारण है कि यह दुनियाभर में काफी लोकप्रिय है। हालांकि, मेडिटेशन को लेकर लोगों में कई ऐसी धारणाएं या भ्रम हैं, जिससे इसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता है या लोग इससे दूरी बनाए रखना ही सही समझते हैं। आइए आज मेडिटेशन से जुड़े भ्रम और उनकी सच्चाई जानते हैं।

भ्रम– मेडिटेशन सिर्फ बैठकर ही किया जा सकता है

बहुत से लोगों का ऐसा मानना है कि मेडिटेशन सिर्फ बैठकर ही किया जा सकता है, जबकि यह सिर्फ एकमात्र तरीका नहीं है। आप टहलते हुए भी मेडिटेशन कर सकते हैं और ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। दुनिया भर के कई अभ्यासी चलते हुए किए जाने वाले मेडिटेशन, लंबी पैदल यात्रा वाले मेडिटेशन आदि में भाग लेते हैं। इसके अतिरिक्त, आप मेडिटेशन के लिए सोफे या बिस्तर पर भी लेट सकते हैं।

भ्रम– मेडिटेशन सिर्फ विचारों को नियंत्रित करता है

अगर आपको लगता है कि मेडिटेशन सिर्फ विचारों को नियंत्रित करता है, जबकि यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा कुछ नहीं है। मेडिटेशन का अभ्यास करते समय नियंत्रण जैसा शब्द शून्य अर्थ रखता है। एक मेडिटेशन सेशन के दौरान विचार बिना आमंत्रण के आते हैं और मन में हर तरह के विचारों से भरा होना सामान्य बात है। अच्छे विचारों की लालसा और बुरे विचारों से परहेज करके आप उन्हें नियंत्रित नहीं कर सकते।

भ्रम– मेडिटेशन से सारी समस्याएं दूर जाती हैं

बहुत से लोग मानते हैं कि मेडिटेशन समस्याओं से बचाने या उनसे अस्थायी राहत पाने का एक तरीका है, लेकिन यह सच नहीं है। यह आपको अपनी समस्याओं का सामना करने और उनके प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। जब आप मेडिटेशन के माध्यम से अपने भीतर गहरे शांत क्षेत्र में पहुंच जाते हैं तो आप स्थितियों को स्वीकार करने कर लगते हैं।

भ्रम– स्वास्थ्य लाभ के लिए मेडिटेशन का वर्षों तक अभ्यास करना पड़ता है

यह सिर्फ एक भ्रम है कि स्वास्थ्य लाभ के लिए मेडिटेशन का वर्षों तक अभ्यास करना पड़ता है, जबकि ऐसी नहीं है। मेडिटेशन के लाभ तत्काल और दीर्घकालिक दोनों हो सकते हैं। आप इसका लाभ तभी प्राप्त कर सकते हैं जब आप इसे पहली बार करते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि बदलाव रातोंरात नहीं होते हैं मेडिटेशन सेशन समाप्त करने के तुरंत बाद आप अधिक आराम, सक्रिय और शांतिपूर्ण महसूस कर सकते हैं।

भ्रम– मेडिटेशन ज्यादा समय लेने वाली प्रक्रिया है

यह भी सिर्फ भ्रम से ज्यादा और कुछ नहीं है कि मेडिटेशन अधिक समय लेने वाली प्रक्रिया है। मेडिटेशन समय लेने वाली प्रक्रिया नहीं है। आप अपने मन मुताबिक मेडिटेशन का समय निर्धारित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह करना बहुत आसान और दिलचस्प है क्योंकि इसमें शरीर की विभिन्न संवेदनाएं शामिल होती हैं, वहीं नींद की गुणवत्ता में भी सुधार होता है।